सतना
01 दिसंबर 2025 सोमवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित




## 149 जानवरों की जान गई ; 234 कच्चे घर टूटे, 57,000 हेक्टेयर खेती की जमीन





**चेन्नई ,एजेंसी।** तमिलनाडु इस समय साइक्लोन दितवाह के भारी असर से जूझ रहा है। तेज हवाओं, लगातार बारिश और समुद्री तूफान ने कई जिलों में भारी नुकसान पहुंचाया है। रविवार शाम तक यह चक्रवात तमिलनाडु और पुडुचेरी के तट से टकराने के बेहद करीब पहुंच गया था। इसका असर इतना तेज है कि राज्य के कई तटीय इलाकों में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

**अब तक कहां-कहां हुई मौंते और कैसे?** तूतीकोरिन, तंजावुर और मयिलादुथुराई जिलों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोगों की जान दीवार गिरने से गई, जबकि एक 20 साल के युवक की मौत करंट लगने से हुई। ग्रामीण इलाकों में 149 जानवरों की मौत और 234 कच्चे घरों के टूटने की घटनाएं भी सामने आई हैं। सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को हुआ है, क्योंकि करीब 57,000 हेक्टेयर खेती की जमीन पानी में डूब गई है।

**क्या साइक्लोन दितवाह और खतरनाक हो सकता है? IMD की चेतावनी क्या कहती है?** मौसम विभाग के अनुसार साइक्लोन दितवाह अभी भी सक्रिय है और हवा की गति 70-80 kmph तक दर्ज की जा रही है, जो कई इलाकों में 90 kmph तक पहुंच सकती है। IMD ने कुड्डालोर, मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जैसे जिलों में भारी से भी ज्यादा बारिश की चेतावनी दी है। IMD के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि तूफान रविवार सुबह तट से लगभग 70 किलोमीटर दूरी पर था और धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है।

### तमिलनाडु में 28 से ज्यादा रेस्क्यू टीमें तैनात करनी पड़ीं

हालात की गंभीरता को देखते हुए NDRF और SDRF की 28 से ज्यादा टीमें तमिलनाडु में भेजी गई हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात से भी 10 अतिरिक्त NDRF टीमें चेन्नई पहुंची हैं। भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 फ्लाइटें रद्द करनी पड़ीं। रामेश्वरम–चेन्नई सेक्टर में 11 ट्रेन रूट बदल दिए गए हैं। यह सब दिखाता है कि सरकार पूरी तैयारी कर रही है, लेकिन तूफान का असर अपेक्षा से अधिक तेज हो रहा है।

मन की बात का 128वां एपिसोड

## पीएम मोदी ने महिला-ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी; कहा- नवंबर खेलों के लिए शानदार रहा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया।

पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा। शुरुआत महिला टीम की ICC महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलिंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई । 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ । इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ ।

### मन की बात की खास बातें...

- **वोकल फॉर लोकल अपनाने की अपील :** पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं। जी–20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफ्रीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और ऑस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है।
- **नौसेना तेजी से आत्मनिर्भर बन रही :** पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में INS माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में रहा और पुडुचेरी–मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए, क्योंकि यह ऐतिहासिक जगह माहे पर आधारित है। इसके क्रेस्ट में उरुमी और कलारिपयट्टु की पारंपरिक तलवार जैसी झलक है।
- **उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म बढ़ रहा :** पीएम ने कहा कि सर्दियों के साथ ही विंटर टूरिज्म का मौसम भी शुरू हो गया है। कई देश स्कीइंग, स्नो–ट्रेकिंग और विंटर फेस्टिवल से बड़ी कमाई करते हैं। भारत में भी पहाड़, संस्कृति और एडवेंचर की पूरी क्षमता है।
- **स्थानीय उपाद अपनाने की अपील :** पीएम ने कहा कि शहद के पीछे लोगों की मेहनत और प्रकृति का तालमेल छिपा होता है। जम्मू–कश्मीर का सफेद रामबन सुलाई शहद अब GI टैग मिलने के बाद देशभर में प्रसिद्ध हुआ है। कर्नाटक के पुत्तुर और तुमकुरु में संस्थाओं ने आधुनिक प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और bee-bo×es देकर किसानों की कमाई बढ़ाई है।

## कुछ भारतीय लोग अपनी ही भाषा नहीं जानते: मोहन भागवत



**नागपुर,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के घटते इस्तेमाल पर चिंता जताई। मोहन भागवत ने कहा कि हालात ऐसी स्थिति पर पहुंच गए हैं कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भाषाएं नहीं जानते हैं। संत ज्ञानेश्वर की मूल रूप से मराठी में लिखी गई पुस्तक ज्ञानेश्वरी के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन के अवसर पर नागपुर में बोलते हुए भागवत ने समाज से भाषाई विरासत के धीरे-धीरे कम होने पर आत्मचिंतन करने की अपील की। उन्होंने कहा, एक समय था जब सारा संचार, लेन-देन, रोजमर्रा के काम संस्कृत में होते थे। अब, कुछ अमेरिकी प्रोफेसर हमें संस्कृत पढ़ाते हैं, जबकि वास्तव में हमें इसे दुनिया को सिखाना चाहिए था। आज बहुत से बच्चे कुछ बुनियादी और सरल शब्द भी नहीं जानते हैं और अक्सर घर पर अपनी मातृभाषा और अंग्रेजी के मिश्रण में बात करते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भारतीय भाषाएं नहीं जानते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा इसके लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि घर पर भारतीय भाषाएं बोलने की अनिच्छा के कारण स्थिति और बिगड़ रही है। उन्होंने कहा, अगर हम अपने घर में अपनी भाषा ठीक से बोलें, तो चीजें बेहतर होंगी। लेकिन हम ऐसा नहीं करते। भागवत ने कहा कि अब संत भी अंग्रेजी में बात करते हैं, जो समझ में आता है, लेकिन यह अभी भी बदलती भाषाई प्राथमिकताओं का संकेत है। संत ज्ञानेश्वर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संत ने समाज की बेहतर समझ के लिए भगवद् गीता के ज्ञान को मराठी में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, अब समस्या यह है कि अंग्रेजी भाषा में पर्याप्त शब्द नहीं हैं जो हमारी भाषाओं में व्यक्त विचारों या अवधारणाओं के सार और गहराई को व्यक्त कर सकें। ज्ञानेश्वर द्वारा प्रयुक्त एक शब्द के लिए अक्सर कई अंग्रेजी शब्दों की आवश्यकता होती है, लेकिन वह पूरी तरह से इच्छित अर्थ नहीं बता पाता। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने भारतीय परंपरा में बताए गए कल्पवृक्ष का उल्लेख किया। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अवधारणाओं का विदेशी भाषा में अनुवाद करने की सीमाओं पर जोर देते हुए भागवत ने पूछा, आप कल्पवृक्ष का अंग्रेजी में अनुवाद कैसे करेंगे? उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण इस बात पर जोर देते हैं कि भारतीय भाषाओं को संरक्षित और मजबूत क्यों किया जाना चाहिए।

### शिवसेना कार्यकर्ताओं पर अन्याय हुआ तो मुझसे सामना करना होगा :एकनाथ शिंदे



**सातारा (महाराष्ट्र) ,एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि वे शिवसेना कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठी शिकायतों पर कार्रवाई न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी कार्यकर्ता के साथ अन्याय किया गया, तो संबंधित अधिकारियों को सीधे उनसे सामना करना पड़ेगा। शिंदे का यह बयान उस समय चर्चा में आया है, जब सिंधुदुर्ग पुलिस ने उनकी पार्टी के विधायक निलेश राणे के खिलाफ घुसपैठ का मामला दर्ज किया है।

### दिल्ली के तिगड़ी एक्सटेंशन में चार मंजिला बिल्डिंग में आग,4 की मौत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** साउथ दिल्ली के तिगड़ी एक्सटेंशन में शनिवार शाम एक फुटवियर शॉप में भीषण आग लगने से भाई–बहन समेत 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 2 घायल हैं। मरने वालों में बिल्डिंग का मालिक सतेंदर और उसकी बहन अनीता भी शामिल है। घायलों में से एक का नाम ममता है, वह 25% जल गई है। बाकी की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक शाम 6 बजे उनके पास एक PCR कॉल आया, जिसमें कहा गया कि टिगरी एक्सटेंशन में जूतों की दुकान में आग लगी है। आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया है।

राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक,आज से शीतकालीन सत्र शुरू

## रिजिजू बोले:विंटर सेशन में ठंडे दिमाग से काम की उम्मीद एसआईआर पर कहा- मैं चुनाव आयोग का



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** 1 दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस मीटिंग में विपक्ष के सभी सीनियर लीडर शामिल हुए।

पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर किरेन रिजिजू ने कहा- हम विपक्षी पार्टियों की बात सुनेंगे। यह विंटर सेशन है, हम उम्मीद करते हैं कि सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे।

पार्लियामेंट में एक सार्थक चर्चा होगी, कोई डिस्टर्बेंस नहीं होगा। अगर हम ठंडे दिमाग से काम करेंगे, तो यह देश के लिए फायदेमंद होगा और पार्लियामेंट सेशन आसानी से चलेगा।

SIR मुद्दे पर रिजिजू ने कहा- मैं यह नहीं कह सकता कि हम चर्चा के लिए कौन से मुद्दे लाएंगे। इलेक्शन कमीशन अपना काम करता है। मैं इलेक्शन कमीशन का स्पोक्सपर्सन नहीं हूं। संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। एटॉमिक एनर्जी बिल समेत 10 नए बिल पेश हो सकते हैं। उधर विपक्ष SIR मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगी।

### अहम बिल जो पेश होंगे, उनसे या बदलाव

- **न्यूक्लियर सेक्टर के लिए बड़ा बदलाव :** लोकसभा बुलेटिन के अनुसार एटॉमिक एनर्जी बिल भारत में परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल, कंट्रोल एंड रेगुलेशन से जुड़े प्रावधानों को नया फ्रेमवर्क देगा। यह पहली बार होगा जब प्राइवेट कंपनियों को न्यूक्लियर क्षेत्र में एंट्री मिल सकेगी। अब प्राइवेट कंपनियां भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगा सकेंगी।
- **हॉयर एजुकेशन कमीशन बनाने वाला बिल भी तैयार :** सरकार हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी पेश करेगी। इसका उद्देश्य कॉलेज और यूनिवर्सिटी को अधिक फ्रीडम देना और सिस्टम को पारदर्शी बनाना है।
- **हाईवे भूमि अधिग्रहण तेज होगा :** नेशनल हाईवे (संशोधन) बिल भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज और अधिक पारदर्शी बनाएगा, ताकि नेशनल हाईवे प्रोजक्ट्स में देरी कम हो सके।
- **कंपनी कानून और LLP कानून में बदलाव :** सरकार कॉरपोरेट लॉ (संशोधन) बिल, 2025 लाने की तैयारी कर रही है। जो कंपनी अधिनियम 2013 और LLP अधिनियम 2008 में बदलाव कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और सरल करेगा।

डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस का अंतिम दिन

## पीएम मोदी बोले-महिला सुरक्षा के लिए बने एक प्लेटफॉर्म




**रायपुर,एजेंसी।** नवा रायपुर में 60वें अखिल भारतीय DGP-IG कॉन्फ्रेंस का रविवार तीसरा और अंतिम दिन था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह 9 बजे अधिकारियों से अनौपचारिक चर्चा की। इसके बाद 10 बजे से बैठक शुरू हुई। पहले सत्र में उन राज्यों को प्रेजेंटेशन देने का मौका मिला, जो पहले अपनी रिपोर्ट पेश नहीं कर पाए थे।

पहले सत्र में पुलिसिंग में AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र में गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया पर फोकस रहेगा। सुरक्षा एजेंसियों की जरूरतों, राज्यों के इनपुट और पिछली सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए अंतिम गाइडलाइन का ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। साथ ही देश के जियो-पॉलिटिकल चैलेंजेस पर चर्चा होगी। इसी दौरान 'मॉडल स्टेट' भी चुना जाएगा, जिसकी बेहतरीन प्रैक्टिस को पूरे देश में लागू किए जाने की तैयारी है। दोनों सत्रों के पूरा होने और गाइडलाइन के अंतिम रूप में आने के बाद कॉन्फ्रेंस के औपचारिक समापन की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को 13 घंटे मैराथन बैठक हुई थी। बैठक की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभाली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत देशभर की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने डायल 112 की तरह देश भर में एक प्लेटफॉर्म बनाया जाए।

## नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया और राहुल पर नई एफआईआर ,दिल्ली पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज की



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नई FIR दर्ज की है। इसमें उनके अलावा छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। ये तीन कंपनियां हैं– AJL, डोटेक्स मर्चेंडाइज और यंग इंडियन। इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, 2010 में AJL के पास करीब 2,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां थीं। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपए दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपए चुकाकर AJL पर नियंत्रण हासिल किया। यंग इंडियन में राहुल और सोनिया गांधी की 76त्न हिस्सेदारी है। FIR 3 अक्टूबर को ED की हेडक्वार्टर्स इन्वेस्टिगेशन यूनिट (HIU) की शिकायत पर दर्ज की गई थी। ED ने 2008 से 2024 तक की अपनी जांच रिपोर्ट साझा की थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई हुई। इसकी जानकारी शनिवार को सामने आई।

### कृषि उत्पादन ही नहीं, मजदूरों की क्षमता को भी घटा रहा बढ़ता तापमान ; भारत सहित 5 देश गंभीर जोखिम



**नई दिल्ली,एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट चेतावनी देती है कि बढ़ता तापमान न केवल फसलों के उत्पादन को घटा रहा है, बल्कि मजदूरों-किसानों की काम करने की क्षमता को भी कमजोर कर रहा है और ग्रामीण गरीबी को गहरा रहा है। इसका सीधा असर किसानों और मजदूरों की जीविका पर पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि दुनिया में तेजी से बढ़ते तापमान का असर अब खेतों, किसानों और फसलों पर साफ तौर पर दिखने लगा है और भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र के उन पांच देशों में शामिल है जहां कृषि पर बढ़ते तापमान का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यह खुलासा संयुक्त राष्ट्र की नई एशिया-प्रशांत डिजास्टर रिपोर्ट 2025 में हुआ है, इसे संयुक्त राष्ट्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) ने जारी किया है। रिपोर्ट बताती है कि भारत के साथ अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश भी गंभीर खतरे में पड़े देशों में शामिल हैं। बढ़ते तापमान के कारण न केवल फसलों का उत्पादन घट रहा है बल्कि पशुधन की उत्पादकता भी कम हो रही है और इसके साथ किसानों-मजदूरों की काम करने की क्षमता पर भी असर पड़ रहा है।

## एसआईआर की डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई गई,12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसंबर तक

### फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को जारी होगी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग ने शनिवार को कहा कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में SIR 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।

**कांग्रेस का आरोप- SIR प्रक्रिया में BLO की मौत मर्डर है :** SIR प्रक्रिया को लेकर लगातार विपक्ष हमलावर हैं। कांग्रेस ने प्रक्रिया के दौरान काम के दबाव के चलते जान गंवाने वाले BLO की मौत को मर्डर बताया था। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा था कि 20 दिनों में 26 BLOs की मौत दिनदहाड़े मर्डर जैसी है। सुप्रिया ने गोंडा के BLO विपिन यादव का जिक्र करते हुए कहा कि उनके परिवार ने बताया है कि उन पर वोटर लिस्ट से पिछड़े वर्ग के लोगों के नाम हटाने का दबाव था। सुप्रिया ने कहा था कि यह कोई कहानी नहीं बल्कि देश के सामने एक कड़वा सच है। इतनी जल्दी क्या है? थोड़ा समय लेकर स्õक्र करवाओ।



### चुनाव आयोग का ऐलान- बीएलओ को मिलेगी डबल सैलरी

इससे पहले 2015 में बढ़ी थी; पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स-असिस्टेंट को भी मानदेय मिलेगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपए सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले BLO सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपए कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को BLO का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है।आयोग ने शनिवार को जारी एक रिलीज में कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (EROs) और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (AEROs) को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा SIR प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख BLO काम कर रहे हैं। हर एक BLO के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है। चुनाव आयोग ने लिखा है- प्योर इलेक्टोरल रोल डेमोक्रेसी की नींव हैं। इलेक्टोरल रोल मशीनरी, जिसमें इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (EROs), असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (AEROs), BLO सुपरवाइजर और बूथ लेवल ऑफिसर (BLOs) शामिल हैं।

## बहन से दोस्ती पर गुस्सा... नाबालिग पड़ोसी की चाकू गोदकर हत्या, आरोपी समेत पांच को पकड़ा

**दिल्ली,एजेंसी।** भलस्वा डेयरी इलाके में शुक्रवार देर रात एक नाबालिग लड़के ने बहन से दोस्ती करने से नाराज होकर नाबालिग पड़ोसी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आरोपी ने चार नाबालिग दोस्तों के साथ वारदात की और फरार हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच के बाद घटना के कुछ देर बाद ही मुख्य आरोपी समेत पांच नाबालिग आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने इनके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया है।

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि 28 नवंबर की देर रात भलस्वा डेयरी थाना पुलिस को गोला चौक नमक गोदाम के पास चाकूबाजी की सूचना मिली। पुलिस पहुंची तो पता चला कि घायल 17 साल के नाबालिग को उसके रिश्तेदार पास के अस्पताल ले गए हैं। उस पर पड़ोसी चार-पांच लड़कों ने ही चाकू से हमला किया था। पीड़ित के शरीर में कई बार चाकू लगे है। वह घायल होकर बेहोश हो गया।

पुलिस की टीम बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंची तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल पर क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने वहां का मुआयना करने के बाद जरूरी सबूत जुटाए। जांच में पता चला कि 17 साल का नाबालिग परिजनों के साथ भलस्वा डेयरी इलाके में रहता था। उसकी पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से दोस्ती थी। इस बात पर नाबालिग का लड़की की भाई से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात नाबालिग किसी काम से स्वरूप नगर एक्सटेंशन के गोला चौक नमक गोदाम के पास था। जहां लड़की के भाई ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया।

थाना प्रभारी एसएस यादव ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों की पहचान हो गई। उसके बाद टीम ने आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर कुछ ही घंटों में मुख्य आरोपी समेत सभी को पकड़ लिया। सभी आरोपी नाबालिग हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद किया है।

## उत्तर रेलवे के छह प्रमुख स्टेशनों की पार्किंग होगी पूरी तरह डिजिटल, लगेगी मनमानी पर रोक

**नई दिल्ली ।एजेंसी** नई प्रणाली के तहत सभी पार्किंग में डिजिटल पेमेंट अनिवार्य होगा। ठेकेदारों को क्यूआर कोड, पीओएस मशीन और फास्टैग आधारित स्वचालित एंट्री-एग्जिट सिस्टम लगाना होगा। वाहन का समय ऑटोमैटिक रिकॉर्ड होगा और उसी आधार पर बिल बनेगा। रसीद सीधे मोबाइल पर उपलब्ध होगी।

**दरों से अधिक वसूली के आरोप से मिलेगी राहत**

संबंधित स्टेशनों पर पार्किंग ठेकेदारों की मनमानी और तय दरों से अधिक वसूली की शिकायतें लगातार मिलती रही हैं, जिनमें कई शिकायतें सोशल मीडिया तक पहुंचीं। समीक्षा में सामने आया कि कई जगह लंबे समय से एक ही ठेकेदार काम कर रहा था। अब ठेके केवल उन्हीं एजेंसियों को मिलेंगे जो पूरी तरह कैशलेस और डिजिटल सिस्टम लागू करेंगी। हर पार्किंग पर रेट लिस्ट हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी में लगाना अनिवार्य होगा।

**नए ठेकेदारों का चयन ओपन टेंडर से:** छह स्टेशनों के लिए नए ठेके पारदर्शी ओपन टेंडर प्रक्रिया से दिए जाएंगे। 15 दिसंबर की ई-नीलामी के बाद चुने गए ठेकेदार को तुरंत डिजिटल सिस्टम स्थापित करना होगा। साथ ही हर पार्किंग पर सीसीटीवी कैमरे, लाइट और सुरक्षा गार्ड अनिवार्य होंगे। ठेकेदार को शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करनी होगी और लापरवाही पाए जाने पर अनुबंध रद्द किया जा सकेगा। नई डिजिटल व्यवस्था से यात्रियों को अतिरिक्त शुल्क वसूली और रसीद न मिलने जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। रेलवे का उद्देश्य पार्किंग को आधुनिक मानकों पर लाना है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और राजस्व में भी सुधार होगा।

## लंदन में पान खाकर गंदगी करने वालों पर होगी सख्ती, सफाई पर होते हैं 30,000 पाउंड खर्च

**लंदन,एजेंसी।** लंदन की ब्रेंट काउंसिल ने खुलासा किया है कि वह हर साल दुकानों, फुटपाथों और इमारतों की सफाई पर 30,000 पाउंड से ज्यादा खर्च करती है, जो पान से सने होते हैं। ये आंकड़े ब्रेंट काउंसिल की आधिकारिक वेबसाइट पर शेयर किए गए हैं और समस्या की गंभीरता को उजागर करते हैं, जिसे महंगा और सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता के लिए नुकसानदायक बताया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रेंट काउंसिल के इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कर्मचारियों को कई जगहों पर पान के दाग साफ़ करते दिखाया गया है। क्लिप में एक आवाज़ सुनाई दे रही है हमारी सड़कों पर पान के दाग लगाने वाले लोग बहुत हो गए हैं। जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए ब्रेंट की सड़कों पर और ज्यादा पुलिस तैनात की गई हैं, साथ ही इस दाग को हटाने के लिए एक सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। हरे-भरे पार्कों और सुरक्षित सड़कों तक, हम उन रोजमर्रा की चीजों में लाखों पाउंड का खर्च कर रहे हैं जो आपके लिए सबसे ज़्यादा मायने रखती हैं। आप जहां भी रहते हैं, आपको फर्क जरूर दिखेगा और महसूस होगा। वीडियो को एक लंबा कैप्शन देकर पोस्ट किया गया था, जिसमें बताया कि पान के दाग साफ करने पर कितना खर्च हो रहा है और अब क्या सख्त नियम लागू किए जाएंगे। इसलिए अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पान खाने और थूकने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। हर साल इन दागों को साफ करने में 30,000 पाउंड से ज्यादा खर्च आता है। इसलिए ब्रेंट में अब प्रवर्तन अधिकारी पान थूकते पकड़े जाने वालों पर 100 पाउंड का जुर्माना लगाएंगे। परिषद ने लोगों के लिए एक सहायता कार्यक्रम भी बनाया है, जिससे वे पान और धूम्रपान छोड़ने में मदद ले सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक लोक अधिकार और प्रवर्तन मामलों की कैबिनेट सदस्य, पार्षद ने कहा कि परिषद इस मुद्दे पर बहुत सख्त है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात है कि हम उन लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जारी रखेंगे जो हमारी सड़कों को गंदा करते हैं, चाहे वे पान थूकने वाले हों या सड़क के सामान पर दाग लगाने वाले। ब्रेंट से पंगा मत लेना- हम पकड़ेंगे और जुर्माना भी लगाएंगे।

## व्हाट्सएप यूजर्स अब सीधे किसी स्टेटस पर रिएक्शन स्टीकर भेज सकेंगे

**सैन फ्रांसिस्को ,एजेंसी।** व्हाट्सएप ने एंड्राएड के लिए बीटा वर्जन 2.25.36.6 में एक नया और दिलचस्प फीचर रोलआउट करना शुरू कर दिया है, इससे अब यूजर्स सीधे किसी स्टेटस पर रिएक्शन स्टीकर भेज सकेंगे। यह फीचर उन यूजर्स के अनुभव को और बेहतर बनाएगा जो स्टेटस के माध्यम से अपनी भावनाएं या प्रतिक्रिया साझा करते हैं। नए फीचर में, जैसे ही आप कोई स्टेटस देखते हैं, नीचे रिएक्शन भेजने का विकल्प दिखाई देगा, जहां यूजर्स सीधे स्टिकर के रूप में अपनी प्रतिक्रिया चुन सकते हैं। शुरुआत में डिफ़ॉल्ट रिएक्शन स्टिकर ÷स्माइलिंग फेस विथ हर्ट आईज÷ उपलब्ध है, लेकिन इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि यूजर पूरी इमोजी लाइब्रेरी से अपने मनपसंद इमोजी को स्टिकर के रूप में चुन सकता है। इसका मतलब जो भी आपकी भावना या मूड को बेहतर दर्शाता हो, बस एक टैप में भेज दें। यह बिल्कुल वैसा ही अनुभव देता है जैसा इंस्टाग्राम स्टोरिज या स्नेपचैट में देखने को मिलता है, जिससे व्हाट्सएप स्टेटस अब और भी इंटरएक्टिव और एंगेजिंग हो जाएगा। हालांकि, यह फीचर फिलहाल सीमित बीटा यूजर्स के लिए उपलब्ध है, लेकिन कंपनी जल्द ही इसे सभी यूजर्स के लिए जारी करेगी। अगर आप बीटा टेस्टिंग प्रोग्राम का हिस्सा हैं, तो आपको यह अपडेट मिलना शुरू हो सकता है। खास बात यह है कि यूजर द्वारा भेजा गया रिएक्शन पूरी तरह प्राइवेट रहेगा यानी सिर्फ वही व्यक्ति देख पाएगा जिसने स्टेटस शेयर किया है कि कौन-सा कॉन्टैक्ट किस स्टिकर से रिएक्ट कर रहा है। इसके साथ ही व्हाट्सएप ने एक और खास फीचर वाइस मैसेज ट्रांसस्क्रीप्टस भी रोलआउट कर दिया है।

# दिल्ली एमसीडी उपचुनाव, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया मतदान; भाजपा का दावा- सभी 12 सीटें जीतेंगे

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में हो रहे उपचुनाव में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत भाजपा के कई नेताओं ने मतदान किया। वेस्ट दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत और द्वारका-बी वार्ड से भाजपा उम्मीदवार मनीषा राजपाल सहरावत ने पोलिंग बूथ पर जाकर अपना वोट डाला। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को अपने पति मनीष गुप्ता और परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ शालीमार बाग क्षेत्र में एक पोलिंग बूथ पर जाकर अपना वोट डाला। शालीमार बाग से भाजपा उम्मीदवार अनीता जैन ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, शालीमार बाग पारंपरिक रूप से पार्टी का गढ़ रहा है, इसलिए जीत पक्की है। हालांकि, हम जीत का अंतर बढ़ाना चाहते हैं। यहां ज्यादा दिक्कतें नहीं हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री रेखा



गुप्ता इलाके में बहुत काम कर रही हैं।

सांसद कमलजीत सहरावत ने द्वारका-बी वार्ड इलाके में मतदान के बाद कहा, मैं दिल्ली के लोगों से अपील करती हूं कि वे अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करें और ऐसे उम्मीदवारों को सपोर्ट करें जो लोकल मुद्दों को उठा सकें। साथ ही साथ, अपने इलाके और शहर के विकास में असरदार तरीके से योगदान दे सकें।

मतदान के बीच भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने वेस्ट विनोद नगर इलाके का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य सभी 12 सीटें जीतकर एक रिकॉर्ड बनाना है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, मैं विनोद नगर में हूं और पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश देख सकता हूं। लोग भारतीय जनता पार्टी को अपना पूरा आशीर्वाद दे रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस उपचुनाव में भाजपा बेशक शानदार जीत दर्ज करेगी। आम आदमी पार्टी उम्मीदवार को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और वह जेल में रहने के बाद बाहर आई हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने उपचुनावों पर कहा, इस समय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास और विरासत का लगातार विकास हो रहा है। पूर्वी दिल्ली के लोग चाहते हैं कि सभी काम सही तरीके से हों।

उन्होंने कहा, ईस्ट दिल्ली के विनोद नगर में उपचुनाव हो रहा है। सरला चौधरी हमारी उम्मीदवार हैं। जब मैं मेयर था, तो उन्होंने मेरे साथ मिलकर काम किया। वह बहुत काबिल, मेहनती और ईमानदार महिला हैं। वह हमेशा जनता की भलाई को ध्यान में रखती हैं। उनके पिछले व्यवहार और उनके काम को देखते हुए, मुझे लगता है कि विनोदनगर के लोगों ने उन्हें पूरे दिल से स्वीकार किया है। यह बहुत अच्छा चुनाव होने वाला है। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सभी 12 सीटों पर जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा चल रहे उपचुनावों में सभी सीटें जीत रही है, जो पार्टी और दिल्ली के लोगों दोनों के लिए बहुत जरूरी हैं।

## दिल्ली में सड़क हादसा : बेकाबू हुई तेज रफ्तार मर्सिडीज

### फुटपाथ पर सो रहे तीन को कुचला, एक की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने ऑटो स्टैंड पर खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। दिल्ली पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है।

**रेस्तरां के कर्मचारी थे तीनों:** वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन को देर रात करीब 2-33 बजे नेल्सन मंडेला मार्ग पर एंबियंस मॉल के ठीक सामने, वसंत विहार की ओर एक सड़क दुर्घटना की पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को एक दुर्घटनाग्रस्त मर्सिडीज त्र63 कार मिली।



ऑटो स्टैंड पर घायल अवस्था में पड़े तीन लोग मिले, जिनकी उम्र 23, 35 और 23 वर्ष थी। ये तीनों एंबियंस मॉल स्थित एक रेस्तरां के कर्मचारी थे। तीनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल जांच के दौरान चमोली, उत्तराखंड निवासी रोहित (उम्र 23 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दो घायलों का इलाज चल रहा है।

मर्सिडीज कार एक्सीडेंट केस में मृतक रोहित के रिश्तेदार हेमंत बिष्ट ने कहा कि वह एंबियंस मॉल में काम कर रहा था और सुबह करीब 2.30 बजे घर लौट रहा था। एक्सीडेंट करीब 2.30 बजे हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी उम्र करीब 23-24 साल थी। पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है।

**पत्नी और बड़े बेटे के साथ था ड्राइवर:** दिल्ली पुलिस ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कथित मर्सिडीज कार के चालक शिवम (उम्र 29 वर्ष) को हिरासत में ले लिया है। शिवम नई दिल्ली के करोल बाग का रहने वाला है। घटना के समय शिवम गाड़ी में अपनी पत्नी और बड़े भाई के साथ सवार था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, ड्राइवर शिवम एक डायवर्जन के कारण कार का संतुलन खो बैठा। इसके परिणामस्वरूप, कार नियंत्रण से स्टैंड पर खड़े थे।

## प्रदूषण के स्तर में मामूली सुधार खराब श्रेणी में दर्ज किया एक्यूआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रविवार को धुंध और प्रदूषण का माहौल रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 6 बजे शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 270 तक पहुंच गया, जिससे राष्ट्रीय राजधानी खराब श्रेणी में आ गई। हालांकि यह पिछले कई दिनों में देखी गई 'बहुत खराब' और 'गंभीर' स्थितियों से थोड़ा बेहतर है, लेकिन हवा लंबे समय तक बाहर रहने के लिए असुरक्षित बनी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को सतह पर हवा की बेहतर चाल ने जमा हुए कुछ प्रदूषकों को फैलाने में मदद की, जिससे कुल एक्यूआई कम हो गया। हालांकि, इस मामूली राहत से कई इलाकों की जमीनी हकीकत में ज्यादा बदलाव नहीं आया, जहां हवा की क्वालिटी बहुत खराब सीमा के करीब बनी रही।


शहर के कई इलाकों में शहर के औसत से काफी ज्यादा प्रदूषण का स्तर दर्ज किया गया। शादीपुर सुबह 336 के एक्यूआई के साथ सबसे प्रदूषित जगह रही, इसके बाद आरके पुरम 308 पर रहा, दोनों ही बहुत खराब कैटेगरी में आते हैं। ये रीडिंग बताती हैं कि स्वस्थ लोगों में भी सांस लेने में तकलीफ होने की संभावना ज्यादा है। दूसरे जाने-माने हॉटस्पॉट जैसे बुराड़ी (283), बवाना (295), सिरीफोर्ट (295), वजीरपुर (282), चांदनी चौक (281), आनंद विहार (281), नरेला (279), पंजाबी बाग (266) और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम (269) भी खराब बैंड में ही रहे, जिससे राजधानी में बहुत ज्यादा प्रदूषण दिखा।कुछ इलाकों का हाल तुलनात्मक रूप से बेहतर रहा। मंदिर मार्ग, जिसका एक्यूआई 157 था, 'मॉडरेट' कैटेगरी में अकेला इलाका रहा। वहीं, आया नगर (225), इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (227), एनएसआईटी द्वारका (228), लोधी रोड (251), अलीपुर (247), नजफगढ़ (242) और नॉर्थ कैंपस (240) 'खराब' रेंज में रहे। एनसीआर में, गुरुग्राम का एक्यूआई 233 और नोएडा का 267 रहा, दोनों को 'खराब' कैटेगरी में रखा गया। फरीदाबाद में 178 दर्ज किया गया, जो इसे 'मॉडरेट' सेगमेंट में रखता है, जबकि गाजियाबाद में 262 का 'खराब' एक्यूआई रिपोर्ट किया गया।

भारत के नेशनल एक्यूआई स्केल के अनुसार, 201 और 300 के बीच के लेवल को 'खराब' माना जाता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ हो सकती है, खासकर लंबे समय तक मेहनत करने पर। इस फीचर की मदद से अब उपयोगकर्ता किसी भी वॉइस मैसेज को बिना सुने सीधे टेक्स्ट के रूप में पढ़ सकेंगे। यह कई स्थितियों में बेहद उपयोगी साबित होगा, जैसे भीड़भाड़ या शोरगुल वाली जगह पर, मीटिंग या क्लास में, या जब ईयरफोन उपलब्ध न हों। यह सुविधा सुनने में कठिनाई वाले लोगों के लिए भी काफी सहायक है। कुल मिलाकर, व्हाट्सएप लगातार अपने प्लेटफॉर्म को और बेहतर और यूजर-फ्रेंडली बनाने पर काम कर रहा है।

## कैलिफोर्निया में अंधाधुंध फायरिंग 4 की मौत, 10 घायल

### अमेरिकी राजनीति में फिर उठा गन कंट्रोल का मुद्दा – स्टॉकटन शहर हाई अलर्ट पर

**कैलिफ़ोर्निया, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में स्टॉकटन शहर एक बार फिर भय और दहशत के माहौल में डूब गया, जब एक बैंक्वेट हॉल में हुई अंधाधुंध गोलीबारी में 4 लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद पूरे शहर को सील कर दिया गया है और हमलावर की तलाश में पुलिस व फेडरल एजेंसियों की संयुक्त टीम लगी हुई है। यह वारदात न केवल स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौती है, बल्कि अमेरिकी राजनीति में गन कानूनों पर एक बार फिर बहस तेज कर रही है। स्टॉकटन की इस घटना ने अमेरिका में बढ़ती बंदूक हिंसा को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर नई बहस को जन्म दिया है। अमेरिका में पहले से ही गन कंट्रोल का मुद्दा राजनीतिक दलों के बीच टकराव का विषय रहा है, जहाँ रिपब्लिकन पार्टी हथियार रखने की स्वतंत्रता



को व्यक्तिगत अधिकार बताती है, वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी कड़े कानूनों की मांग कर रही है। ताज़ा गोलीबारी के बाद कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने घटना पर गहरा शोक जताते हुए हमलावर को शीघ्र पकड़ने के आदेश के साथ गन कंट्रोल पर फिर से सख्त कदम उठाने की जरूरत बताई है।

घटना के राजनीतिक आयामों को और गहरा बनाते हुए स्टॉकटन के वाइस मेयर जेसन ली ने इस फायरिंग को ÷अमेरिकी समाज में बढ़ते हथियारों के अनियंत्रित प्रसार÷ का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अपराध नहीं बल्कि नीति विफलता का परिणाम है, जिसमें निर्दोष लोग, बच्चे, परिवार गन हिंसा का शिकार हो रहे हैं। बैंक्वेट हॉल में चल रहे एक बच्चे के जन्मदिन समारोह में अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट ने उत्सव को मातम में बदल दिया। इसने अमेरिकी जनता को झकझोर दिया है। फायरिंग की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि घायलों में नाबालिग बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि हमलावर अकेला था और कुछ ही मिनटों में अंधाधुंध फायरिंग कर मौके से फरार हो गया। जांच एजेंसियों को फिलहाल आरोपी का उद्देश्य, पृष्ठभूमि और संभावित साजिश को समझने में समय लग सकता है।

अमेरिका में हर साल हजारों लोग गन हिंसा का शिकार होते हैं। ऐसे में स्टॉकटन की यह घटना आगामी चुनावी माहौल में भी प्रमुख मुद्दा बन सकती है। डेमोक्रेट्स इसे हथियार कानूनों में सुधार का आधार बना सकते हैं, जबकि रिपब्लिकन इस आरोप को 'राजनीतिकरण' कहकर खारिज कर सकते हैं।इस बीच, स्टॉकटन शहर हाई अलर्ट पर है और पुलिस का कहना है कि बिना अनुमति कोई भी व्यक्ति घटनास्थल के आसपास नहीं जा सकता।

## इमरान खान की सेहत पर खतरा- जेल में 'एकाकी कारावास', परिवार-वकील से भी मिलने पर रोक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) में भयंकर चिंता व्याप्त है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया है कि रावलपिंडी की कुख्यात अडियाला जेल में इमरान को हाई-इंटेंसिटी सॉलिटरी कन्फाइनमेंट में रखा गया है। हफ्तों से न तो उनका परिवार और न ही कानूनी टीम उनसे मिल पा रही है। सूत्रों का तो यहां तक आरोप है कि जेल के अंदर इमरान खान के साथ मारपीट भी हुई है और उनकी शारीरिक-मानसिक हालत तेजी से बिगड़ रही है।

इमरान की बहन अलीमा खानम ने मीडिया से कहा, हमें मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा? अगर एक बार मिलने देते तो सारी अटकलें खत्म हो जातीं। अलीमा ने हालांकि यह माना कि उन्हें नहीं लगता कि सत्ता प्रतिष्ठान इमरान को जान से मारेगा, लेकिन सरकार का यह जिद्दी रवैया पूरे पाकिस्तान में जनता का गुस्सा भड़का रहा है। उन्होंने चेतावनी दी, अब विरोध फूटने में देर नहीं है। बस सवाल 'कब' का है। अगर हम बहनें खुलकर सब बता दें तो पूरा मुल्क सड़कों पर उतर आएगा। पहले खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर सहित कई नेता इमरान से मिल लेते थे, लेकिन अब उन मुलाकातों पर भी पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। पीटीआई का कहना है कि सरकारी बयानों में जो इमरान ठीक हैं बताया जा रहा है, वह महज झूठ है और असल हालत को छिपाया जा रहा है। परिवार अब हाईकोर्ट में याचिका दायर करने जा रहा है कि इमरान खान को तुरंत अदालत के सामने पेश किया जाए ताकि उनकी सेहत और सुरक्षा की सच्चाई सामने आ सके।

# श्रीलंका : दित्वाह तूफान से आई आपदा में मरने वालों की संख्या पहुंची 153, भारतीय हेलीकॉप्टरों ने बचाई 8 की जान

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में तूफान दित्वाह की वजह से आई आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 153 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (डीएमसी) के हवाले से जानकारी दी है कि कम से कम 191 लोग लापता हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन को और तेज कर दिया गया है। न्यूज आउटलेट डेली मिरर के अनुसार भारी बारिश, बाढ़ और लगातार लैंडस्लाइड की वजह से कई जगहों पर आम लोगों की जिंदगी में मुश्किलें खड़ी हो गई है। अभी वहां मौसम खराब है। सरकार की ओर से जारी नए आंकड़ों के अनुसार 25 जिलों के 217,263 परिवारों के 774,724 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही कई इलाके अभी बाढ़, लैंडस्लाइड और लगातार बारिश की



चपेट में हैं। डीएमसी ने बताया कि 27,494 परिवारों के 100,898 लोग राहत शिविर में रह रहे हैं। देशभर में 798 शिविर में लोगों को रखा जा रहा है। दूसरी ओर अधिकारी राहत पहुंचाने और बेघर हुए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।

इस आपदा से कुछ जगह संपर्क मार्ग कट गया है। ऐसे में रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने कहा कि श्रीलंका के टेलीकम्युनिकेशन ऑपरेटर नेटवर्क कंजेशन (दूरसंचार ऑपरेटर नेटवर्क की भीड़) को कम करने और प्रतिक्रिया प्रणाली (रिस्पॉन्स सिस्टम) को मजबूत करने के लिए इमरजेंसी कॉल को प्राथमिकता देने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि रविवार से मौसम में सुधार होने की उम्मीद है।

वहीं श्रीलंका में आई इस आपदा से निपटने के लिए भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। भारतीय रेस्क्यू टीम श्रीलंका एयरफोर्स, नेवी, आर्मी, पुलिस और स्थानीय फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स के साथ मिलकर बाढ़ से प्रभावित समुदायों की मदद कर रहे हैं। संकट में फंसे लोगों को निकालने, सप्लाई पहुंचाने और इमरजेंसी मदद की कोशिशें चल रही हैं।

दो भारतीय नेवी हेलीकॉप्टरों ने पन्नाला में बाढ़ के पानी में फंसे आठ लोगों को बचाया। अधिकारियों ने कहा कि चार भारतीय हेलीकॉप्टर अभी पूरे देश में बचाव मिशन में लगे हुए हैं। इनमें से दो एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत से चल रहे हैं। एयरक्राफ्ट ने पन्नाला इलाके में कई उड़ानें भरीं। इन इलाकों में पानी का स्तर तेजी से बढ़ने के कारण कई घरों तक पहुंचना मुश्किल हो गया था। इसके बाद वहां से रेस्क्यू किए गए लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया और स्थानीय अधिकारियों को सौंप दिया गया।

# विधानसभा क्षेत्र 76 चुरहट रीवा संभाग में प्रथम स्थान पर

## चुरहट में गणना पत्रक का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण

**मीडिया ऑडीटर,सीधी ( निप्र ) ।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2025-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को त्रुटिरहित तैयार करने की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशों तथा कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही थी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी और अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सीधी के पर्यवेक्षण में तथा उपखंड अधिकारी और निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 76 चुरहट के नियंत्रण में मतदाताओं का गणना पत्रक सत्यापन कर बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा था। इस प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 निर्धारित थी लेकिन विधानसभा क्षेत्र 76 चुरहट ने यह कार्य 30 नवंबर 2025 को ही पूर्ण कर लिया। इस उपलब्धि के साथ चुरहट विधानसभा क्षेत्र रीवा संभाग में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं प्रदेश स्तर पर सीधी जिला शीर्ष पाँच जिलों में शामिल है।



इस उपलब्धि में अनेक अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रभारी तहसीलदार साक्षी गौतम और प्रभारी तहसीलदार सुषमा रावत चुरहट, तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा, नायब तहसीलदार महेंद्र द्विवेदी, राम प्रताप सोनी और चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने अपनी जिम्मेदारियाँ पूरी निष्ठा से निभाईं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 31 सेक्टर निर्धारित किए गए थे जिनमें सभी सेक्टर अधिकारियों ने लक्ष्य पूर्ति में उल्लेखनीय सहयोग दिया। 31 सुपरवाइजर सेक्टरों में महिला कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया था जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन किया।

इसके साथ ही राजीव तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, नगर पालिका अधिकारी चुरहट और रामपुर नैकिन तथा विकासखंड के सभी विभाग प्रमुखों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। इस संपूर्ण प्रक्रिया की रीढ़ कही जाने वाली बीएलओ टीम ने समन्वय स्थापित करते हुए गणना पत्रक फीडिंग का कार्य सुचारू रूप से पूर्ण किया। निर्वाचन शाखा की तकनीकी टीम में सहायक प्रोग्रामर दीपक पांडे, मास्टर ट्रेनर दयाशंकर द्विवेदी, भूपेन्द्र मिश्रा, संजय पांडे, मणिराज सिंह, विनय, सुशील सिंह, के के पांडे और जफर खान ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। रामपुर और चुरहट तहसील के सभी पटवारी, विधानसभा क्षेत्र के मास्टर ट्रेनर, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता और मातृशक्ति ने अपेक्षा से अधिक सहयोग देकर इस कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया। गणना पत्रक फीडिंग कार्य की समयपूर्व और सफल पूर्णता पर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 76 चुरहट जिला सीधी शैलेश द्विवेदी ने पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव- 1100 पाठी करेंगे सामूहिक गीता पाठ

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में 1 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में सीधी जिले में भी महोत्सव की व्यापक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

**जिलास्तरीय कार्यक्रम पूजा पार्क सीधी में 01 दिसंबर 2025 को प्रातः** 10 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय पर आधारित सामूहिक गीता पाठ कराया जाएगा, जिसमें 1100 गीता पाठी तथा विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। इसके साथ ही स्थानीय संतों द्वारा गीता के महत्व एवं उसके व्यवहारिक अनुप्रयोग पर केंद्रित व्याख्यान भी दिया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें गीता के श्लोकों, प्रसंगों और सांस्कृतिक महत्व से जुड़े दृश्य प्रदर्शित किए जाएंगे। समूचा आयोजन समाज में गीता के अध्यात्म, नैतिक शिक्षा और व्यवहारिक उपयोगिता के प्रसार के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से इस महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सहभागिता करने की अपील की है।

## रेत माफिया पर सरई पुलिस की कार्रवाई, बिना नंबर का ट्रैक्टर रेत सहित जब्त; चालक मौके से फरार

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ सरई पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम हट्टा पुलिया के पास से एक बिना नंबर का ट्रैक्टर अवैध रेत से भरी ट्रॉली सहित शनिवार रात जब्त किया। जब्त किए गए ट्रैक्टर की कीमत लगभग 5 लाख रुपए और रेत की कीमत 3 हजार रुपए आंकी गई है, जिससे कुल 5 लाख 3 हजार रुपए का माल जब्त हुआ।



पुलिस को बीती रात सूचना मिली थी कि कुछ रेत माफिया सरकारी खनिज संपदा की चोरी कर निजी लाभ के लिए रेत का परिवहन कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी और मौके से ट्रैक्टर को कब्जे में लेलिया। हालांकि, ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश जारी है। सरई पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 797/2025 दर्ज किया है। यह कार्रवाई बीएनएस की धारा 303(2) और 317(5) के तहत की गई है। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक की पहचान कर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, जब्त वाहन को राजसात करने की प्रक्रिया के लिए कलेक्टर कार्यालय को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।

## कलेक्टर पर 10 हजार रुपए का जुर्माना, भूमि अधिग्रहण मामले पर हाईकोर्ट में नहीं दिया था जवाब

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सीधी कलेक्टर पर 10 हजार रुपए का जुर्माना (कॉस्ट) लगाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह राशि कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से जमा करनी होगी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी पर यह कार्रवाई अदालत में जवाब प्रस्तुत न करने के कारण की गई है। दरअसल, सीधी निवासी सीता सिंह की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि शासन की ओर से भूमि अधिग्रहण किया गया था, जिसमें मुआवजा राशि 1 करोड़ 10 लाख 52 हजार रुपए आंकी गई थी। बाद में इसे घटाकर 5 लाख 40 हजार रुपए कर दिया गया।



इस कटौती को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिका में कहा गया था कि भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद दूसरा आदेश जारी कर अवॉर्ड राशि में कटौती की गई, जो विधि सम्मत नहीं है।

**सीधी कलेक्टर ने नहीं दिया जवाब:** जस्टिस विशाल मिश्रा की अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रक्रिया समाप्त होने के बाद दूसरा आदेश क्यों पारित किया गया, इस संबंध में जवाब मांगा गया था, लेकिन सीधी कलेक्टर की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

सुनवाई में यह भी सामने आया कि कलेक्टर के हस्ताक्षर से प्रस्तुत हलफनामा पहले से सरकार द्वारा दाखिल की गई स्टेटस रिपोर्ट की हूबहू कॉपी है। हाईकोर्ट ने जिस मुद्दे पर स्पष्ट जानकारी मांगी थी, उसका इसमें कोई उल्लेख नहीं था। इसे अदालत ने गंभीरता से लिया और कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से तलब किया।

हाईकोर्ट के आदेश पर सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एकलपीठ के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफीनामा प्रस्तुत किया। अदालत ने माफीनामा स्वीकार करते हुए उन पर 10 हजार रुपए की व्यक्तिगत कॉस्ट लगाई और अवॉर्ड के संबंध में पारित दूसरे आदेश को स्पष्ट करने वाला हलफनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## अनुमति बिना ध्वनि यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित- प्रशासन ने दिए कड़े निर्देश

**मीडिया ऑडीटर,सीधी ( निप्र )।** उपखंड मजिस्ट्रेट गोपद बनास राकेश शुक्ला ने थाना प्रभारी कोतवाली सीधी और थाना प्रभारी जमोड़ी को निर्देशित किया है कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग और कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्रों से संबंधित सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित क्षेत्रों में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति किसी भी प्रकार का ध्वनि यंत्र नहीं बजाया जाएगा।

कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी सीधी द्वारा पूर्व में जारी आदेशानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, कलेक्टर कार्यालय परिसर, जिला चिकित्सालय परिसर, संजय गांधी महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 और 2, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय कन्या स्कूल कोटहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमिलिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिनौती, उप स्वास्थ्य केन्द्र बहरी, सिविल न्यायालय चुरहट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरहट, सिविल न्यायालय रामपुर नैकिन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर नैकिन, सिविल न्यायालय मझौली, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझौली और कुसमी के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है।

इन क्षेत्रों में बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। अनुमति मिलने के उपरांत भी भारत सरकार द्वारा बनाए गए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 में निर्धारित परिवेशीय वायु गुणवत्ता मानकों से अधिक ध्वनि का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। अनुमतियाँ देने का अधिकार संबंधित क्षेत्र के उपखंड मजिस्ट्रेट या कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को होगा और अनुमति पत्र में ध्वनि मानकों का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक होगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 1 से 3 दिसम्बर तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. 40 एम.व्ही.ए. बी.एच.ई.एल. एवं 50 एम.व्ही.ए. टाल ट्रान्सफार्मर का पोस्ट मानसून मेन्टीनेन्स एवं टेस्टिंग कार्य कराने हेतु 01 दिसम्बर से 03 दिसम्बर तक सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक शटडाउन की आवश्यकता है शटडाउन के दौरान 33 के.व्ही. फीडर प्रभावित होगें जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होने बताया कि दिनांक 01 दिसम्बर को 33 के.व्ही. फीडर अंतर्गत सिहावल एवं सेमरिया 02 दिसम्बर को गेरूआ एवं बीछी तथा दिनांक 03 दिसम्बर को मड़वास, कुसमी एवं कमचड़ फीडर से संबंधित समस्त गांव की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## नहर में गिरी वाहन दो दिन बाद मिला, जिले की सीमा पर दिखी; ड्राइवर अब तक लापता



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मैहर जिले में दो दिन पहले नहर में गिरी एक बोलेरो गाड़ी सीधी जिले की सीमा पर मिली है। शुक्रवार शाम को हुए इस हादसे के बाद से वाहन चालक का कोई सुराग नहीं मिला है। बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है और नहर का पानी बंद कराया गया है। यह घटना शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे मैहर जिले के ग्राम कदवारी के पास हुई। एक बोलेरो वाहन बेकाबू होकर नहर में जा गिरा था। वाहन में मोतीलाल कुशवाहा (ग्राम सुहिला, मैहर) और हीरालाल कुशवाहा (ग्राम बरहा टोला) सवार थे। हालांकि, वाहन चला रहे व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बोलेरो ग्राम सरदा के पास नहर में गिरी थी। पानी की तेज धारा के कारण यह गाड़ी दो दिनों तक बहती रही और रविवार सुबह लगभग 9 बजे सीधी जिले की सीमा पर तैरती हुई दिखाई दी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलने के बाद बाणसागर नहर को तत्काल बंद कराया गया। इसका उद्देश्य पानी का बहाव कम करना और वाहन को सुरक्षित बाहर निकालना है। जलस्तर कम होने के बाद पुलिस और बचाव दल बोलेरो को बाहर निकालने का प्रयास करेगा। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी बचाव कार्य में सहयोग के लिए एकत्र हुए हैं। स्थानीय निवासी तेज बहादुर सिंह ने जानकारी दी कि हादसा दो दिन पहले हुआ था। नहर के तेज बहाव के कारण वाहन काफी दूर तक बह गया था। उन्होंने बताया, 'दो दिन बाद बोलेरो सीधी जिले के एक गांव में दिखाई दी, जिसके बाद तुरंत चौकी प्रभारी को सूचना दी गई।'

## 100' सरकार पर बांधवगढ़ रिजर्व की सफारी

### कलेक्टर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को दिया इनाम

**मीडिया ऑडीटर,शहडोल ( निप्र )।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने एसआईआर (संक्षिप्त पुनरीक्षण) कार्य में तेजी लाने और टीमों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई पहल की है। प्रशासन ने पहली बार चुनावी कार्य को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की सफारी से जोड़कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है।

कलेक्टर की घोषणा के अनुसार, जिन राजस्व सर्कलों ने मैपिंग सहित फॉर्म अपलोड कर 100% एसआईआर कार्य समय पर पूरा किया है, उनके प्रथम पांच प्रभारी अधिकारियों को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का विशेष दौरा कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 100% लक्ष्य प्राप्त करने वाले प्रथम तीन बीएलओ सुपरवाइजरों को भी परिवार सहित सफारी का तोहफा मिलेगा।



**तकनीकी चुनौतियों के बीच शत-प्रतिशत सर अपलोड:** शहडोल जिले में एसआईआर कार्य को लेकर प्रशासन इस बार पूरी तरह सक्रिय और मिशन मोड में है। मैदानी कर्मचारियों को कई क्षेत्रों में तकनीकी समस्याओं, नेटवर्क कनेक्टिविटी और दूरस्थ इलाकों तक पहुंचने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद, कुछ टीमों ने रिकॉर्ड समय में 100% अपलोड कार्य पूरा किया है।

इस मेहनत को सम्मानित करने के लिए कलेक्टर ने सफारी भ्रमण के साथ-साथ चयनित टीमों को प्रशस्ति पत्र देने की भी घोषणा की है। प्रशासन का मानना है कि इस तरह के सकारात्मक प्रोत्साहन से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और भविष्य में मतदान संबंधी कार्यों की गुणवत्ता व गति में सुधार होगा।

बांधवगढ़ की सफारी जिले के कर्मचारियों के लिए केवल एक भ्रमण नहीं, बल्कि उनके उत्कृष्ट कार्य का सम्मान होगी। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि आगामी चुनावी गतिविधियों में भी इसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता को बनाए रखें, ताकि शहडोल जिले को प्रदेश के मॉडल जिलों में शामिल किया जा सके।

## कोयले भरा ट्रक खाई में गिरा, चालक-क्लीनर की मौके पर मौत; जयंत मुड़वानी डैम के पास हुआ हादसा

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** विंध्यनगर थाना क्षेत्र में जयंत मुड़वानी डैम के पास बीती रात एक कोयला परिवहन ट्रक 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई।

यह हादसा देर रात लगभग 3 बजे के आसपास हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रक जयंत परियोजना क्षेत्र से कोयला परिवहन कार्य में लगा हुआ था। प्रारंभिक जांच में चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण ट्रक के खाई में गिरने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही जयंत चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार अपनी पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने ट्रक के केबिन में फंसे चालक और क्लीनर को बाहर निकालकर नेहरू अस्पताल जयंत पहुंचाया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृत चालक की पहचान गोदवाली निवासी सुरेश पाल के रूप में हुई है। वहीं, क्लीनर की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है और पुलिस उसके पहचान संबंधी दस्तावेज जुटाने में लगी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई जारी है।

## नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार, युवक ने आपत्तिजनक वीडियो बनाकर दी थी धमकी; कोर्ट ने भेजा जेल

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** बुढार थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से रेप के आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने घटना की आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें भी बनाई थीं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने 27 नवंबर को अपने परिजनों के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि आरोपी अंकित वर्मा (19) जबरन उसके घर में घुस आया था। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। इस दौरान उसने अपने मोबाइल से आपत्तिजनक तस्वीरें भी खींच लीं।

घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में वह मोबाइल पर संपर्क कर तस्वीरों और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर बात करने का दबाव बनाने लगा।

**साइबर टीम की मदद से आरोपी गिरफ्तार:** पीड़िता की शिकायत पर बुढार पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी अंकित वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। बुढार थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि शिकायत मिलते ही दो विशेष टीमों का गठन किया गया था। साइबर टीम भी इस मामले में सक्रिय थी। आरोपी घटना के बाद से फरार था और लगातार ठिकाने बदल रहा था। साइबर टीम की मदद से दोनों टीमों ने आरोपी को नगर से ही गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने इस कार्रवाई में अपनी टीम की भूमिका को सराहनीय बताया।

# नई चेतना अभियान 4.0 - विविध गतिविधियों का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा जिला परियोजना प्रबंधक के सफल मार्गदर्शन में 30 नवम्बर को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, विकासखण्ड सीधी एवं मझौली में नई चेतना अभियान 4.0 अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उजाला सीएलएफ टीकटकला, एकता सीएलएफ बरिगवा, जागृति सीएलएफ बघवारी, श्रद्धा सीएलएफ सतनारा, ज्योति सीएलएफ हड़बड़ो, मां काली संकुल स्तरीय संगठन, गुलाब सागर संकुल स्तरीय संगठन, टिकरी महान संकुल स्तरीय संगठन तथा गोपद सीएलएफ की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। राज्य एवं जिला इकाई द्वारा प्रदत्त साप्ताहिक कैलेंडर के अनुसार नई चेतना अभियान से संबंधित गतिविधियों का संचालन किया गया।







बैठक में आयोजित प्रमुख गतिविधियाँ थींकृ किसका पलड़ा भारी, महिला एवं आजीविका सांप-सीढ़ी खेल, जेंडर शपथ, मिर्च मसाला फिल्म का प्रदर्शन, जेंडर अभियान रैली तथा महिला हिंसा बंद करो विषय पर रंगोली निर्माण। बैठक में जेंडर अभियान से संबंधित सभी कार्यकारिणी सदस्यों को आवश्यक मार्गदर्शन और समझाइश प्रदान की गई।

आयोजन में जिला इकाई से जिला जेंडर नोडल हरिराम त्रिपाठी, विकासखण्ड प्रबंधक सीधी अशोक पाण्डेय, विकासखण्ड प्रबंधक मझौली चंद्रकांत सिंह, सीएलएफ नोडल तथा ब्लॉक जेंडर नोडल मनोज मिश्रा, अनामिका मिश्रा सहित सभी सीएलएफनोडल, सीएलएफ अध्यक्ष एवं ग्राम संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

जिला जेंडर नोडल हरिराम त्रिपाठी द्वारा नई चेतना अभियान 4.0 की गतिविधियों को पूरे एक माह तक सप्ताहवार संचालित करने, समाज में लिंग समानता स्थापित करने तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में एक साथ, एक आवाज, समानता के लिए संकल्प का आगाज़ के प्रेरक नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई, जिसकी गूंज पूरे क्षेत्र में सुनाई दी।

# भोपाल में मौलाना महमूद मदनी का भड़काऊ भाषण, जिहाद को कहा पवित्र शद

संपादकीय

भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना महमूद मदनी के भाषण ने विवाद पैदा कर दिया। उन्होंने जिहाद को पवित्र बताकर कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दिया और न्यायपालिका पर दबाव में काम करने का आरोप लगाया। मदनी ने तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया और वंदे मातरम् पर आपत्ति जताई, जिससे उनकी विवादास्पद मानसिकता उजागर होती है।

भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना महमूद मदनी ने जो कुछ कहा, उसे भड़काऊ भाषण के अतिरिक्त और कुछ नहीं कहा जा सकता। उनकी बातें कट्टरपंथी तत्वों के दुस्साहस को बल प्रदान करने का ही काम करेंगी, क्योंकि एक तो उन्होंने जिहाद को पवित्र शब्द करार दिया और दूसरे एक तरह से यह धमकी भी दी कि जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा।

अच्छा होता कि वे यह भी बता देते कि इस जिहाद के नाम पर क्या होगा? पता नहीं वे जिहाद को किस रूप में देखते और समझते हैं, लेकिन उन्हें इससे परिचित होना चाहिए कि न जाने कितने आतंकी संगठन ऐसे हैं, जो अपने नाम में जिहाद शब्द का इस्तेमाल करते हैं। वे अपनी आतंकी गतिविधियों को बिना किसी शर्म-संकोच जिहाद का नाम देते हैं।

साफ है कि उनके कहने भर से जिहाद को आंतरिक संघर्ष की संज्ञा नहीं दी जा सकती। वैसे भी किसी शब्द का अर्थ उसी रूप में समझा जाता है, जिसके लिए उसका इस्तेमाल होने लगता है। क्या मदनी यह दावा कर सकने की स्थिति में हैं कि आज बुराइयों से लड़ने की कोशिश ही जिहाद है?मौलाना मदनी जिस तरह इस नतीजे पर भी पहुंच गए कि सुप्रीम कोर्ट समेत सभी अदालतें दबाव में काम कर रही हैं, उससे उन्होंने न केवल न्यायपालिका को नीचा दिखाने का काम किया, बल्कि उसके प्रति अविश्वास पैदा करने की भी कोशिश की। यह एक खतरनाक कोशिश है। शायद उनकी नजर में अदालतें तभी तक स्वतंत्र हैं, जब तक वे उनके मनमाफिक फैसला दें। यह न तो संभव है और न ही किसी को इसकी अपेक्षा करनी चाहिए।

मदनी ने न्यायपालिका को दबाव में लेने की जो कोशिश की, उसका प्रतिकार किया जाना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने अपने संबोधन में तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी उल्लेख किया। क्या वे यह चाह रहे थे कि सुप्रीम कोर्ट मुस्लिम महिलाओं को दोयम दर्जे का साबित करने और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित करने वाली तीन तलाक की कुप्रथा को विधिसम्मत ठहरा देता?

# भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी




**सच्चिदानंद शेकटकर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर क्षेत्र में निजी हिस्सेदारी को बढाये जाने के पक्षधर हैं ताकि हर क्षेत्र में सरकार पर निर्भरता कम हो और निजी क्षेत्र हिस्सेदारी बढ़ाएं। देश की विमान सेवा के लिए विमानतलों का संचालन और संधारण, देश के रेलवे स्टेशनों का नवनिर्माण और उनका संचालन निजी क्षेत्र से हो इसके लिए सरकार के कदम आगे बढ़ चुके हैं और निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी के लाभ भी सामने आने लगे हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर भारतीय सेना के तीनों अंगों के लिए अस्त्र-शस्त्र का निर्माण भी अब निजी क्षेत्र में होने लगा है। अब प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष में भी निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में शुरुआत कर दी है। प्रधानमंत्री यह चाहते हैं कि अंतरिक्ष क्षेत्र को भी भारत को अपने कारोबार का एक हिस्सा बनाना चाहिए और दूसरे देशों के उपग्रहों को अंतरिक्ष में छोडने् का काम भी करना चाहिए। निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी अब अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी शुरू हो गई है। निजी क्षेत्र का अब देश का पहला आर्बिटल रॉकेट विक्रम -1 उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह उम्मीद है कि 2 महीने के भीतर यानी वर्ष 2026 तक इसके जरिए उपग्रह की लॉन्चिंग की जा सकती है। यह रॉकेट एक बार में 300 किलो वजन तक के उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्बिटल रॉकेट विक्रम -1 का अनावरण करते हुए कहा कि देश उपग्रह लांचिंग के क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने के लिए तैयार है। वहीं निजी क्षेत्र की कंपनी का दावा है कि वह हर महीने ऐसा एक ऑर्बिटल रॉकेट तैयार कर सकती है। विक्रम -1 रॉकेट को तैयार करने में स्काई रूट एग्रो स्पेस को 4 वर्ष का समय लगा है। इसमें एक साथ कई उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने की क्षमता है। इसे पूरी तरह कार्बन फाइबर से तैयार किया गया है जिससे यह उत्कृष्ट स्ट्रैंथ टू वेट प्रदर्शन कर सकेगा। इसमें 3 डी प्रिंटेड हाईपरगोलिक इंजन लगाए गए हैं इसके साथ ही रॉकेट को कलाम 1200 बूस्टर स्टेज से भी लैस किया गया है। फिर बूस्टर स्टेज को उन्नत कार्बन कंपोजिट से तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काई रूट एयरो स्पेस के इंफिनिटी परिसर के उद्घाटन और रॉकेट के अनावरण अवसर पर नई टेक्नोलॉजी की रचना करने के लिए जैन- जी पैशेवरों की प्रशंसा भी की है और कहा है कि जैन- जी इंजीनियर, डिजाइनर, कोडर और विज्ञानी नई टेक्नोलॉजी की रचना कर रहे हैं। आज भारत के अंतरिक्ष इकोसिस्टम में निजी क्षेत्र तेजी से उभर रहा है। 300 से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप इस क्षेत्र को नई उम्मीद दे रहे हैं। इंफिनिटी केंपस भारत के नए विचारों, नवाचार और बड़ी युवा ताकत का प्रतिबिंब है युवाओं का नवाचार ,जोखिम उठाने की क्षमता और उद्यमशीलता नई ऊंचाइयां छू रहा है। भारत की निजी अंतरिक्ष प्रतिभा दुनिया भर में अपनी खुद पहचान बना रही है जिससे भारत का अंतरिक्ष के क्षेत्र में दबदबा कायम होगा ।

**न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एच.आई.वी. संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है।**

# सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी

(विश्व एड्स दिवस (1 दिसम्बर) पर विशेष)

**योगेश कुमार गोयल**




एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। 'रॉयटर्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना' विषय के साथ मनाया जा रहा है।

वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात् जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है।

यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति 'एड्स' कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे।

वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।

एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

# युगों -युगों तक मानव को अमर कर देती है अच्छाई व सच्चाई

**अच्छाई युगो–युगों तक मानव को अमर कर देती है ।मानव को हमेशा अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए ।मानव जीवन अनमोल है ।कहते है कि एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते है फिर भी पत्थर ही रहते हैं ।आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उडाई जाती है प्रत्येक इन्सान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए भले ही कितनी ही विपति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए मानव को अपने स्वाभिमान के आसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए ।आधुनिक इंसान पत्थर दिल व आत्मकेन्द्रित होता जा रहा है ।मानव सवेंदनहीनता की हदें लाघ रहा है।**

**नरेन्द्र भारती**



यह समाज के लिए अशुभ संकेत है।मानव आज मानवता के खिलाफ होता जा रहा है।मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोडना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए।समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है।जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी।जरुरतमंदो की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते है मगर दुख में साथ छोड देते है ,कहते अपने ही काम आते है मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है कुते बिस्किट खा रहे है मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब,मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है। आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इन्कार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। अतः प्रत्येक इन्सान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए ,प्रत्येक मानव का आदर - सत्कार करना चाहिए। जीवन बार-बार नहीं मिलता है,ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है और बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अन्धेर नहीं है।आदमी को समय से डरना चाहिए क्योकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए। क्योकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है।कहते है कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए भले ही आदमी कितनी ही उंचाईयां छू लें।एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं।हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योकि सच्चाई की सदा जीत हुई है।सांच को आंच नहीं आती।अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए।भूखे को रोटी खिलाओं, हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ।पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है।वक्त बदलते देर नही लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए।ताकि विपतीयों का अहसास होता रहे। वर्तमान परिवेश में मानव इतना स्वार्थी व मौकापरस्त होता जा रहा है कि खुद को खुदा से उपर समझने लगा है। आज वह भगवान के साथ छल -कपट तक करने से नहीं चुकता मगर जब उसकी मार पडती है तो होश ठिकाने आ जाते हैं। ऐसे लोगों को आदमियों की पहचान नहीं होती कि कौन अच्छा है कौन बुरा है। आज चापलूस लोगों का बोलबाला हो गया है लेकिन खुदा सब देख रहा है समय ने करवट बदली और उनका भाग्य भी बदल गया लेकिन वह लोग अपनी औकात भूल गये कि एक समय ऐसा भी था कि उनके पास एक जोडी कपडे होते थे।खाने के लाले पडे होते थे। आज अच्छे दिन आ गये तो अपनों को भूल गये और हवा में उडने लगें लेकिन असली व नकली पंखों में फर्क होता है कार-कोठी को ही जीवन का लक्ष्य मान अन्य लोगो कों को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे व्यक्तियों की पोल आखिकार खुल जाती है, समाज में आत्मकेन्द्रीत लोगों का जमावडा बढता जा रहा है ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं।मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है।इंन्सानियत को हमेशा जिंदा रखें किसी गरीब को न सताएं।मानवता ही मानव की असली पूंजी है।समाज के हर मानव की सहायता करनी चाहिए। यह अटल सच्चाई है।

### ग्वालियर में निकाह से पहले हंगामा

# मंडप में पहुंची पत्नी, दूल्हा भागा; फोन पर 'तलाक' देकर कर रहा था दूसरी शादी

**ग्वालियर, एजेंसी।** शनिवार देर रात बहोड़ापुर स्थित मयूर गार्डन मैरिज हॉल में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विवाह समारोह में दूल्हा बने युवक की पहली पत्नी अचानक मंडप में पहुंच गई। महिला ने मंच पर चढ़कर पति को खींच लिया और जमकर हंगामा किया। बताया गया कि आरोपी पति ने पत्नी को फोन पर तीन बार 'तलाक' कहकर खुद को अलग घोषित कर दिया था और अब दूसरी शादी करने जा रहा था।

**दूल्हा मंडप छोड़कर भागा:** हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही दूल्हा जीशान मिर्जा मंडप छोड़कर मौके से फरार हो गया। रात करीब 1 बजे तक मैरिज गार्डन में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इसकी शिकायत महिला ने बहोड़ापुर थाने में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**एक महीने बाद शुरू हुआ**



**अत्याचार:** पीड़िता नेहा खान निवासी कंपू ईदगाह का निकाह 17 दिसंबर 2023 को इस्लामपुर निवासी जीशान से हुआ था। शादी के एक महीने बाद ही पति का व्यवहार बदल गया। नेहा के अनुसार वह उससे मारपीट करने लगा और दहेज में एक लाख रुपए की मांग करने लगा। नेहा के पिता का निधन हो चुका है और वह अपनी मां के साथ रहती है, ऐसे में उसकी स्थिति का फायदा उठाकर ससुराल पक्ष ने उसे लगातार प्रताड़ित किया। पुलिस के पहुंचने से पहले दूल्हा जीशान मिर्जा मंडप छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस के पहुंचने से पहले दूल्हा जीशान मिर्जा मंडप छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**दूसरी शादी की सूचना पड़ोसियों से मिली:** शनिवार को नेहा को पड़ोसियों से सूचना मिली कि उसका पति दूसरी शादी करने के लिए मयूर गार्डन में तैयारियों में जुटा है। पहले वह बहोड़ापुर थाने पहुंची, लेकिन वहां उसकी बात नहीं सुनी गई। इसके बाद वह एसएसपी कार्यालय पहुंची।

एसएसपी धर्मवीर सिंह ने तत्काल थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद नेहा मयूर गार्डन पहुंची और वहां हंगामा खड़ा कर दिया। दूल्हा समझ गया कि शादी अब रुक जाएगी और मौके से कन्नी काटकर भाग निकला। दूसरी लड़की का परिवार भी कार्यक्रम छोड़कर चला गया।

**अदालत में चल रहा है मामला:** पीड़िता ने बताया कि पति और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना को देखते हुए उसने महिला थाने में शिकायत की थी। परामर्श विफल रहने पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इसके बाद जीशान ने उसे कागज भेजकर तीन तलाक लिखकर तलाक देने का दावा किया, जबकि कानूनी प्रक्रिया अनुसार तलाक अभी मान्य नहीं है और मामला कोर्ट में लंबित है। नेहा का कहना है कि कोर्ट का मामला चलने के बावजूद उसका पति दूसरी शादी नहीं कर सकता।

## एसडीओपी पिछोर ने खनियाधाना थाने का रात्रिकालीन औचक निरीक्षण किया, गश्त बल को दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा ने 29-30 नवंबर 2025 की रात थाना खनियाधाना का औचक निरीक्षण किया। रात्रि गश्त की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के दौरान रात्रि दफ्तर ड्यूटी में सउनि हजारीलाल और आरक्षक अरविंद उपस्थित मिले। बाद में थाना प्रभारी भी थाने पहुंचे। एसडीओपी ने थाना परिसर का भ्रमण किया और साफ-सफाई की स्थिति देखी। हवालात की जांच की गई, जहां कोई आरोपी मौजूद नहीं था। उन्होंने अपराध, मर्ग, गुम इंसान, माइक्रो बीट, मेडिकल, गुण्डा और निगरानी जैसे सभी महत्वपूर्ण रजिस्टरों की जांच की और लंबित अपराध, चालान व गुम इंसान प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही लंबित गिरफ्तारी व स्थाई वारंट तामील कराने पर विशेष जोर दिया।

थाने में लगे सभी 13 सीसीटीवी कैमरे चालू पाए गए। रात्रि गश्त अधिकारी को निर्धारित मार्गों पर प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए। अंत में एसडीओपी ने समस्त पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

## ऑपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता, कोलारस पुलिस ने नाबालिग अपहृता को आगरा से बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** पुलिस महानिदेशक मप्र द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत जिला शिवपुरी की कोलारस पुलिस ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। थाना कोलारस में दर्ज अपराध क्रमांक 429/25 धारा 137(2) बीएनएस की अपहृता नाबालिग बालिका को पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के आगरा शहर से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। साथ ही आरोपी युवक विष्णु प्रजापति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। घटना 20 नवंबर 2025 की है, जब फरियादी बालूराम प्रजापति




निवासी एबी रोड लुकवासा ने अपनी नाबालिग बेटी के बहला-फुसलाकर ले जाए जाने की शिकायत थाना कोलारस में दर्ज कराई थी।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने तत्काल बालिका की खोज के लिए निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा ने मामले की निगरानी करते हुए थाना प्रभारी कोलारस को ठोस दिशा-निर्देश दिए। उनि बैजनाथ मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की, संदेहियों से पूछताछ की और आरोपी के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने 29 नवंबर 2025 को आगरा से नाबालिग बालिका को बरामद कर लिया। दस्तयाब बालिका ने बताया कि आरोपी विष्णु प्रजापति उसे शादी का प्रलोभन देकर ले गया था और उसके साथ शारीरिक शोषण भी किया। जिसके आधार पर प्रकरण में धारा 64(2)(आई), 87 बीएनएस तथा पाक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। आरोपी को 30 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## जब शिवपुरी में उतरा आस्था का समंदर, सात रातें; जो दिन बन गई

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** जिसे आमतौर पर शांत और धीमी गति से चलने वाले शहर के रूप में जाना जाता था, अचानक एक अभूतपूर्व ऊर्जा से भर उठा था। घड़ी की सुइयां भले ही 23 नवंबर से लेकर अगले सात दिनों तक दिन और रात का फेर करती रहीं, लेकिन शहर के दिल में, समय ने मानो दूसरी ही चाल पकड़ ली थी। स्थानीय लोग फुसफुसा रहे थे— 'शिवपुरी में 168 घंटे तक रात को भी दिन जैसा उजाला रहा!' यह उजाला सूरज का नहीं था, बल्कि बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्री हनुमंत कथा सुनने आए लाखों लोगों की आस्था का था।

व्यवसायी कपिल गुप्ता ने जब यह कथा आयोजित करने का बीड़ा उठाया था, तब उन्हें भी अंदाज़ा नहीं था कि वह अपने शहर के इतिहास में क्या दर्ज करने जा रहे हैं। 23 नवंबर की कलश यात्रा में जब महिलाओं



का हुजूम सड़कों पर उमड़ा, तब यह पहली चेतावनी थी कि यह आयोजन सामान्य नहीं होगा। शहर की यात्री बसें, जो महीनों से सुस्त पड़ी थीं, अचानक दौड़ने लगीं। झांसी तिराहे से हवाई पट्टी तक का रास्ता एक पल के लिए भी शांत नहीं हुआ।

शहर के चौक-तिराहों पर एक अजीब मंजर था। शाम ढलते ही पारा गिरता, लेकिन भक्तों का उत्साह चढ़ जाता। कथा तो दिन में होती थी, पर जैसे ही कथा समाप्त होती, हजारों आंखें पंडित शास्त्री की एक झलक पाने के लिए बेचैन हो जातीं। रात 11 बज जाते, सर्द हवा कंपकंपाती, लेकिन लोग कतारें लगाकर खड़े रहते—सिर्फ यह जानने के लिए कि 'महाराज' किस रास्ते से गुजरेंगे। यह वह समय था जब शिवपुरी की गलियां, जो अमूमन दस बजे सूनी हो जाती थीं, रोशनी और चहल-पहल से जगमगाती रहीं। ये सात रातें सचमुच दिन बन गई थीं। इस जन-सैलाब ने सबसे गहरी चोट नेताओं की 'लोकप्रियता' के भ्रम पर की।

शहर के नेतागण अपनी सभाओं की तैयारियों की सच्चाई जानते थे—भीड़ लाने के लिए ग्राम पंचायत के सचिवों को टारगेट देना पड़ता है, आशा कार्यकर्ताओं को बुलाकर कुर्सियां भरनी पड़ती हैं, और कई बार तो छुटभैया नेता किराए पर भीड़ जुटाते हैं। लेकिन यहाँ... यहाँ लोग अपनी जेब से पैसे खर्च कर रहे थे, अपनी श्रद्धा से रात की ठंड में खड़े थे। नेताओं ने कथा स्थल पर पहुँचकर इस जन-समंदर को देखा और मन ही मन सोचा होगा: 'काश, हमारी सभाओं में भी ऐसी ही स्वत:स्फूर्त भीड़ उमड़ा करे!'

### खड़गवां क्षेत्र को बड़ी सौगात .........

# रतनपुर और देवाडाड में नए सबस्टेशन शुरू, 43 गांवों की लो-वोल्टेज समस्या दूर होने की उम्मीद



**खड़गवां, एजेंसी।** वर्षों से लो-वोल्टेज और बाधित आपूर्ति से जूझ रहे खड़गवां क्षेत्र के ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिलने जा रही है। खड़गवां 33/11 केवी सबस्टेशन पर लगातार बढ़ते लोड को देखते हुए रतनपुर और देवाडाड में दो नए 33/11 केवी सबस्टेशन स्थापित किए गए हैं। दोनों सबस्टेशनों के शुरू होने के बाद खड़गवां पर पड़ने वाला दबाव काफी कम होगा और ग्रामीणों को अब स्थिर एवं सुचारू बिजली आपूर्ति का लाभ मिलने लगेगा।

रतनपुर सबस्टेशन 9 गांवों को नई ऊर्जा रतनपुर सबस्टेशन के अंतर्गत अब रतनपुर, कोंडांगी, बोडेमुडा, कन्हारबहरा, तामडाड, पेंड्री, धनपुर, कोटेया और कांसाबहरा गांवों को बिजली मिलेगी। इससे इन गांवों में बार-बार ट्रिपिंग और वोल्टेज ड्रॉप की समस्या समाप्त होने की उम्मीद है।

देवाडाड सबस्टेशन-14 गांव होंगे लाभान्वित देवाडाड सबस्टेशन से कोचका, लकड़ापारा, गिद्धमुडी, देवडांड, सलको, सुंदरपुर, मंगोरा पटपरिहापारा, फूनगा, सरस्ताल, जरोधा, सकड़ा, बहेराबांध, कटकोना और बेलकामार गांवों में बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पहले 43 गांवों का भार झेल रहा था खड़गवां सबस्टेशन

नए सबस्टेशनों के निर्माण से पहले खड़गवां सबस्टेशन से कुल 43 गांवों को बिजली दी जा रही थी। अत्यधिक भार के कारण लाइन ट्रिपिंग, वोल्टेज ड्रॉप और सप्लाई बाधित होने जैसी समस्याएं आम थीं। खड़गवां, पौंडीडीह, छापर, बरदर, चनवारीं डांड, शिवपुर सहित 20 बड़े गांव प्रतिदिन प्रभावित होते थे।

मंत्री का बयान 'वचन पूरा, अब 24 घंटे बिजली 'भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि नए सबस्टेशनों से ग्रामीण क्षेत्रों को स्थिर और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा—'रघुकुल की परंपरा की तरह हम भी वचन निभाने में विश्वास रखते हैं। मोदी जी के संकल्पों को जमीन पर उतारना हमारा कर्तव्य है। 'मंत्री ने महतारी वंदना योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए 16 गांव में 24 घंटे बिजली उपलब्ध होने की बात भी कही।

### सोशल मीडिया पर दोस्ती, झांसे में लेकर बनाया अश्लील वीडियो

## धमकी देकर ले गया झारखंड, युवती के बात बंद करने पर वीडियो किया वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में फेसबुक पर दोस्ती के बाद भरोसे का फायदा उठाकर युवती का अश्लील वीडियो बनाया फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने घर झारखंड ले गया। तीन दिनों तक अपने साथ रखा। इसी दौरान युवती नानी की तबीयत खराब होने के बहाने घर लौट आई। इसके बाद आरोपी बार-बार कॉल कर अपने घर आने का दबाव बनाता रहा, लेकिन युवती ने बात करना बंद कर दिया। गुस्से और बदले की नीयत से आरोपी ने युवती के नाम से फेक आईडी बनाकर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महिलाओं से जुड़े अपराधों की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने पत्थलगांव में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। मामला थाना बागबहार क्षेत्र का है। 23 वर्षीय पीड़ित युवती की थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 में फेसबुक पर आरोपी विकास नोनिया (22 वर्ष, झारखंड) की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने के बाद दोनों के बीच चैटिंग शुरू हुई।

धीरे-धीरे दोनों के बीच गहरे संबंध बन गए। इसी दौरान आरोपी ने वीडियो कॉलिंग के जरिए से युवती को झांसा देकर उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत का सिलसिला जारी रहा।

इसी बीच 26 फरवरी 2024 को आरोपी ने युवती को रायपुर बुलाया। साथ ही धमकी दी कि अगर वो नहीं आई तो वो उसके अश्लील वीडियो को वायरल कर देगा। युवक के इस धमकी से युवती डर गई। डर के कारण युवती रायपुर पहुंची, जहां से आरोपी उसे बस में बैठाकर झारखंड स्थित अपने घर ले गया। पीड़िता लगभग तीन दिनों तक आरोपी के घर पर रही।

**नानी की तबीयत के बहाने घर वापस आई:** इसी दौरान युवती को उसकी बड़ी बहन का फोन आया कि नानी की तबीयत खराब है। इस बहाने से युवती आरोपी के घर से अपने गृह ग्राम (थाना बागबहार क्षेत्र) वापस लौट आई।

# भव्य भूमिपूजन के साथ भाजपा एमसीबी जिला कार्यालय निर्माण की शुरुआत, हजारों कार्यकर्ता रहे उपस्थित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** भारतीय जनता पार्टी जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नवीन जिला कार्यालय का भव्य भूमिपूजन समारोह रविवार को एफसीआई गोदाम के सामने, चैनपुर मनेंद्रगढ़ में विधिवत संपन्न हुआ। समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, प्रदेश प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, प्रदेश मंत्री अखिलेश सोनी, सांसद रेणुका सिंह, भरतपुर-सोनहत विधायक तथा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले सहित भाजपा संगठन के अनेक वरिष्ठ नेता और विभिन्न




क्षेत्रों से आए हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर उमड़ी भीड़ और कार्यकर्ताओं का जोश विशेष आकर्षण बना रहा।

**जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने जताया आभार:** जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में बनने वाला यह सर्वसुविधायुक्त कार्यालय संगठन की मजबूती का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि नेतृत्व के आगमन से हर कार्यकर्ता में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

**स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल— 'ऐतिहासिक दिन, संगठन को मिला मजबूत आधार':** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस दिन को 'ऐतिहासिक' बताते हुए कहा कि नया कार्यालय भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा केंद्र का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन के लिए कार्यालय किसी मंदिर की तरह पवित्र होता है, जहां से सेवा और समर्पण की भावना और बढ़ती है।

**मंत्री रामविचार नेताम ने की संगठन यात्रा की याद:** प्रदेश प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने भाजपा के संघर्षपूर्ण दौर का स्मरण करते हुए कहा कि आज जो दो एकड़ भूमि कार्यालय हेतु उपलब्ध हुई है, वह कार्यकर्ताओं की निष्ठा और त्याग का परिणाम है। उन्होंने पुराने दौर से लेकर आज तक संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका को सराहा।

**प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह— 'आज का दिन नव निर्माण का ':** प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा कि एमसीबी जिलाध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री लगातार तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने लायक है। उन्होंने कहा कि भाजपा जहां कार्यालय की नींव रखती है, उसे समय पर पूर्ण कर कार्यकर्ताओं को समर्पित करती है। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में कार्यकर्ताओं की मेहनत की भी सराहना की।

## एच यू आर एल यूरिया रैक से जिले को 575 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** एच यू आर एल यूरिया की रैक गत दिवस को शिवपुरी रैक प्वाइंट पर लगने से जिले को 575 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है। प्राप्त यूरिया का आवंटन विभिन्न संस्थाओं को किया गया है, जिसमें 3 डबल लॉक गोदामों को 165 मैट्रिक टन, 3 मार्केटिंग सोसायटियों को 210 मैट्रिक टन तथा निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं को 200मैट्रिक टन यूरिया दिया गया है। जिले के डबल लॉक गोदामों में मार्कफेड करैरा को 50मी. टन, पिछोर को 90मी. टन, तथा पोहरी को 25मी. टन यूरिया प्राप्त हुआ है। , 3 मार्केटिंग सोसाइटी , विपणन सहकारी संस्था बैराड़ पोहरी को 50मी. टन ,विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग खनियाधाना 90 मी. टन, नालदमयंती विपणन सहकारी संस्था नरवर 70 मी. टन यूरिया प्राप्त हुआ है।,2 निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं में जनता एग्रो एजेंसी शिवपुरी को 100 मै.टन, अग्रवाल इंटरप्राइजेज करैरा को 100 मै.टन उपलब्ध हुआ है।

# खंडवा में 10 दिन बाद लौटी ठंडक, छाया कोहरा

## तेज हवा ने बढ़ाई ठिठुरन; 48 घंटे में 4 डिग्री गिरा रात का पारा, 9 डिग्री पर पहुंचा



**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा के मौसम में 10 दिन बाद एक बार फिर ठंडक लौट आई है। बीते 48 घंटे के भीतर रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। 28 नवंबर को रात का पारा 13.4 डिग्री था, जो गिरकर अब 9.4 डिग्री पर आ गया है। वहीं, दिन का तापमान भी 28 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। तापमान गिरने के साथ ही तेज हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। ऐसी स्थिति 21 नवंबर तक थी, जो अब फिर लौट आई है। शनिवार को दिन का तापमान 29.1 डिग्री और रात का तापमान 10.4 डिग्री रहा था। रविवार को ठंडक में और तेजी आई, जिससे दिन और रात का पारा करीब एक डिग्री और गिर गया। रात का तापमान 9 डिग्री के करीब दर्ज किया गया।


**उत्तर भारत में बर्फबारी, इसलिए बढ़ी ठिठुरन:** मौसम विशेषज्ञ डॉ. सौरव गुप्ता के अनुसार, उत्तर भारत में विक्षोभ के चलते बर्फबारी शुरू हो गई है। वहीं, दक्षिण के विक्षोभ का असर कम होने से उत्तरी हवाओं की स्थिति तेज हो गई है। हालांकि, अभी एकदम से तापमान कम नहीं होगा, बल्कि धीरे-धीरे गिरावट आएगी।

**सुबह 7 बजे तक कोहरा, 10 बजे खिली धूप:** मौसम में ठंडक की वापसी के साथ ही रविवार सुबह शहर में 7 बजे तक कोहरा छाया रहा। यही कारण रहा कि सुबह तक तेज ठंडक थी। सुबह 8 बजे के बाद हल्की और फिर 10 बजे तेज धूप खिल आई, जिससे ठंड का असर थोड़ा कम हुआ।

**सिंचाई के दबाव से किसानों को राहत:** यह तेज ठंडक फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। पिछले लगातार 10 दिनों से तेज धूप खिली होने के कारण खेतों में सिंचाई का दबाव बढ़ गया था।

# रतलाम में जमीन विवाद में भांजे की हत्या

## खेत से लौट रहे मामा पर किया था हमला



**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के जावरा स्थित धतरावदा गांव में पुश्तैनी जमीन के विवाद में मामा ने भांजे की पत्थर मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार शाम की है। पहले भांजे ने मामा पर हमला किया था, जिसके बाद हुए संघर्ष में मामा ने भांजे के सिर पर पत्थर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी मामा भी गंभीर घायल है, जिसे रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना जावरा के रिंगनोद थाना अंतर्गत असावती चौकी के धतरावदा गांव की है। गांव में रहने वाले बद्री उर्फ समरथ पाटीदार (35) शनिवार शाम करीब 5.30 से 6.30 बजे के बीच अपनी पत्नी के साथ खेत से आ रहे थे। रास्ते में उनके भांजे अमृतराम पाटीदार (30) ने पीछे से पत्थर से हमला कर दिया।

**गुत्थमगुत्था हुए, मामा ने जमीन पर पटककर मारा पत्थर:** हमले के बाद समरथ ने अपना बचाव किया। इस दौरान दोनों आपस में गुत्थमगुत्था होकर उलझ गए। समरथ ने भांजे अमृतराम पाटीदार को नीचे जमीन पर पटका और पत्थर से उसके सिर पर हमला कर दिया। सिर में चोट लगने से अमृतराम की मौके पर ही मौत हो गई।

**रात में पहुंची पुलिस, घायल मामा रेफर:** शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली। जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय, रिंगनोद थाना प्रभारी आनंदसिंह आजाद और असावती चौकी प्रभारी शरीफ खान बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाकर रात करीब 9 बजे जावरा सरकारी अस्पताल भेजा, जहां रविवार सुबह पोस्टमार्टम होगा। वहीं घायल मामा समरथ को जावरा में प्राथमिक उपचार के बाद शनिवार देर रात रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

**मां के हिस्से की जमीन मांग रहा था भांजा:** पुलिस के अनुसार मृतक अमृतराम अविवाहित था और अकेला रहता था। उसकी मां किसी अन्य के साथ रहती है। वह अपनी मां के हिस्से की जमीन मामा से मांग रहा था। इसको लेकर काफी समय से दोनों में विवाद भी चला आ रहा था।

**कोर्ट में चल रहा है केस:** जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय ने बताया कि मामा समरथ पाटीदार व भांजे अमृतराम में पुश्तैनी जमीन विवाद है और कोर्ट में भी केस चल रहा है। उन्होंने कहा, ÷प्राथमिक जांच में सामने आया है कि खेत से आते समय पहले भांजे ने हमला किया। इसके बाद दोनों में विवाद हुआ। विवाद में मामा ने पटककर भांजे के सिर पर पत्थर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामा को भी सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि प्राथमिक जांच में जमीन संबंधी विवाद सामने आया है। हत्या का केस दर्ज किया है। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# दो साल से फरार महिला तस्कर माया गिरफ्तार

## एनडीपीएस एक्ट में स्थायी वारंटी थी आरोपी

**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में दो साल से फरार चल रही महिला आरोपी माया उर्फ चंदा (41) को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देश पर जिले में फरार और वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की निगरानी अतिरिक्त एसपी तेर सिंह बघेल कर रहे हैं। अनुभाग स्तर पर राजपत्रित अधिकारियों ने विशेष कार्ययोजना तैयार की थी। एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी के निर्देशन में थाना प्रभारी मल्हारगढ़ मोहन मालवीय और उनकी टीम ने सूचना के आधार पर मल्हारगढ़ स्टेशन रोड स्थित मलिन बस्ती से आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। माया उर्फ चंदा के खिलाफ अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) ने 8 दिसंबर 2023 को स्थायी वारंट जारी किया था। यह वारंट प्रकरण क्रमांक 04/2016, अपराध क्रमांक 43/16, धारा 8/15 और 29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित था।

गिरफ्तार आरोपी माया उर्फ चंदा राधेश्याम मोगिया की बेटी है। उसका मूल निवास पाल्यालालमुहा, थाना भावगढ़ में है, जबकि वर्तमान में वह राजस्थान के अजमेर जिले के गोविन्दगढ़, थाना पिसांगंज में रह रही थी। मल्हारगढ़ पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# आधार क्लोनिंग का तीसरा आरोपी सोहेल खान गिरफ्तार


## पुलिस मुख्य आरोपी की पत्नी, आधार ठेकेदार से भी करेगी पूछताछ

**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट। भरवेली पुलिस ने आधार कार्ड अपडेशन में आईरिस और फिंगरप्रिंट के क्लोन का उपयोग करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी सोहेल खान को खैरलांजी से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल तीन गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पुलिस अब मुख्य आरोपी से जुड़े लोगों और जिले में आधार केंद्र का ठेका लेने वाले रीवा के ठेकेदार ब्रजकिशोर मिश्रा से भी पूछताछ करेगी। सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया ने बताया कि सोहेल खान मुख्य आरोपी मोहसीन खान के साथ मिलकर क्लोन के माध्यम से आधार अपडेशन का काम कर रहा था। पुलिस को जानकारी मिली है कि मोहसीन की पत्नी फरीना खान भी जबलपुर में आधार सेंटर चलाती है, जिसकी जानकारी जबलपुर के ई-गवर्नेंस विभाग से जुटाई जा रही है। बालाघाट में आधार कार्ड सेंटर का ठेका लेने वाले रीवा के ब्रजकिशोर मिश्रा की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

इससे पहले, भरवेली पुलिस ने 23 नवंबर को मुख्य आरोपी मोहसीन खान को भरवेली से गिरफ्तार किया था। मोहसीन ने पुलिस रिमांड के दौरान बताया था कि उसने चेतन मोहारे को आईरिस और फिंगरप्रिंट का क्लोन दिया था, जो इसी तरीके से आधार अपडेशन का काम कर रहा था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने चेतन को लालबर्रा के सांदीपनी स्कूल के पास संचालित आधार सेंटर से गिरफ्तार किया। आरोपी मोहसीन खान आईरिस और फिंगरप्रिंट का क्लोन तैयार कर जिले के अन्य क्षेत्रों में परिवार और परिचितों के नाम से आधार टेंडर लेता था। वह एक ही जगह से सभी सेंटरों की आधार मशीनें अवैधानिक रूप से भरवेली स्थित अपने कियोस्क सेंटर से संचालित कर आधार अपडेशन का काम करता था। मशीनों का लोकेशन छिपाने के लिए वह वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) का उपयोग करता था।

# सागर में मौसम साफ होते ही रात का पारा लुढ़का

## न्यूनतम पारा 12 डिग्री पर आया, दिन में भी कंपकंपी



**सागर, एजेंसी।** सागर में ठंड ने एक बार फिर यू-टर्न ले लिया है। यहां दिन और रात के तापमान में गिरावट शुरू हो गई है, जिससे सर्दी का असर बढ़ गया है। इस समय रात का पारा लुढ़ककर 12.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, वहीं अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री बना हुआ है। हालात यह हैं कि रात के साथ-साथ दिन में भी लोगों को सर्दी लग रही है और लोग गर्म कपड़े पहनकर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। रविवार सुबह से सागर में ठिठुराने वाली सर्दी रही। मौसम साफ होने के बाद सुबह से ही तेज धूप खिली, लेकिन धूप के बीच चल रही हवाओं के कारण लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली। रात के समय ठिठुराने वाली ठंड हो रही है और वातावरण में धुंध का असर भी शुरू हो गया है।

**पाकिस्तान और राजस्थान में बने सिस्टम का असर:** मौसम विभाग के अनुसार, पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। वहीं, राजस्थान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन की एक्टिविटी देखने को मिल रही है। इसके साथ ही उत्तर दिशा से भी हवाएं आ रही हैं। इसी कारण प्रदेश समेत सागर के मौसम में एक बार फिर ठंडक घुल गई है।

**एक रात में 3 से 4 डिग्री गिरा पारा:** पिछले एक सप्ताह से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही थी, लेकिन शुक्रवार से रात के पारे में फिर गिरावट शुरू हो गई है। एक ही रात में न्यूनतम पारे में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट आई है। इससे पहले 6 से 22 नवंबर के बीच भी कड़ाके की सर्दी और बर्फीली हवाओं का दौर रहा था।

**आगे और गिरेगा रात का तापमान:** मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहने का अनुमान है। रात के पारे में अभी और गिरावट देखने को मिल सकती है।

# बुरहानपुर पुलिस ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

## राहवीर, हिट एंड रन, कैशलेस उपचार योजनाओं की जानकारी दी



**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर पुलिस ने 29 नवंबर 2025 को एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी राजेश बारवाल और उनकी टीम ने अलग-अलग चेकिंग पॉइंट्स पर वाहन चालकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। यह अभियान पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश और नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के निर्देश पर चलाया गया। अधिकारियों ने राहवीर योजना, हिट एंड रन स्कीम, कैशलेस उपचार योजना और सड़क सुरक्षा को लोगों तक पहुँचाने के लिए विशेष जोर देने को कहा था।

**सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की सलाह दी:** अभियान के दौरान वाहन चालकों को पम्पलेट बांटकर राहवीर योजना, हिट एंड रन स्कीम और कैशलेस उपचार योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चारपहिया चालकों को सीटबेल्ट लगाने की अनिवार्यता समझाई। इसके अलावा ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में ड्राइविंग और मोबाइल फोन का प्रयोग करने से होने वाले खतरों के बारे में भी जागरूक किया गया। लोगों को दुर्घटना की स्थिति में मिलने वाली कैशलेस उपचार सुविधा और त्वरित मदद के लिए डायल 112 सेवा की जानकारी भी दी गई।

# इटारसी के तीखड़ में 6 फीट का अजगर मिला

## ग्रामीणों ने नदी किनारे झाड़ियों में देखा; वन विभाग ने सुरक्षित रेस्यू कर जंगल में छोड़ाँ



**इटारसी, एजेंसी।** इटारसी के ग्राम तीखड़ में शनिवार शाम एक 6 फीट लंबा अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर इंडियन रॉक पाइथन प्रजाति के इस विषहीन अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 6ः30 बजे ग्राम निवासी यश मेहतो अपने खेत की ओर जा रहे थे। नदी किनारे पगडंडी के रास्ते पर उन्होंने एक विशालकाय सांप को देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना ग्राम निवासी अमित चौधरी को दी, जिन्होंने गांव के लोगों के माध्यम से रेस्क्यू टीम तक जानकारी पहुंचाई। सूचना मिलते ही वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए सर्प मित्रों की टीम को मौके पर भेजने के निर्देश दिए। उनके मार्गदर्शन में सर्प मित्र अभिजीत यादव, अभय चौरे, सचिन दुलारे और सूरज अहिरवार तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

**अजगर नदी किनारे झाड़ियों के पास बैठा हुआ था:** मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि लगभग 6 फीट लंबा इंडियन रॉक पाइथन (अजगर) नदी किनारे झाड़ियों के पास बैठा हुआ था। यह प्रजाति पूरी तरह विषहीन होती है। ग्रामीणों में अजगर को लेकर भय का माहौल था, लेकिन टीम ने पूरी सावधानी और कुशलता से उसे बिना किसी नुकसान पहुंचाए सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू टीम ने अजगर को नियंत्रित करने के लिए विशेष तकनीकों का उपयोग किया, ताकि उसे कोई चोट न लगे और आसपास मौजूद लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहे। सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अजगर को वन विभाग के नियमों के अनुसार एक उचित और सुरक्षित प्राकृतिक स्थान पर छोड़ दिया गया।

# खरगोन में 1.85 लाख की अवैध शराब जब्त

## खोई में टपरी से 38 पेटी मिलीं, एक महिला गिरफ्तार



**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन जिले के भीकनगांव क्षेत्र में आबकारी विभाग ने एक खेत में बनी टपरी से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। तलाशी के दौरान कुल 381.99 लीटर शराब मिली, जिसकी कीमत करीब 1.85 लाख रुपये बताई गई है। विभाग ने मौके से एक महिला को भी गिरफ्तार किया। आबकारी प्रभारी सार्थक वर्मा के अनुसार, शनिवार रात खोई गांव में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने एक रहवासी मकान की तलाशी ली। मकान के पिछले हिस्से में बनी टपरी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

गिरफ्तार महिला की पहचान सरस्वती पति पंकज सेन के रूप में हुई है। उसके खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 32(2) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। बरामद शराब में ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, गोवा जिन, गोवा व्हिस्की, लेमाउंट बीयर और पॉवर कूल बीयर की कई पेटियां शामिल थीं।

इस कार्रवाई में आबकारी टीम के कई सदस्य शामिल थे, जिनमें राधेश्याम मंडलोई, अशोक ज्ञानी, ऋषिकेश मालवीय, आरती बामनिया, रणजीत वर्मा, संतोष आवासे, राजीव डूडवे, मनोहर बुंदेला और रमेश मोर शामिल हैं। टीम ने पूरी सतर्कता के साथ तलाशी अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# छतरपुर 6 लाख रुपये की कच्ची शराब पकड़ाई

## बिजावर में आबकारी विभाग ने की नष्ट, 5 प्रकरण दर्ज



**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में अवैध मदिरा के उत्पादन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। इसी दौरान बिजावर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए लगभग 6 लाख रुपये की कच्ची शराब और महुआ लाहन नष्ट की गई। इस मामले में 5 प्रकरण भी दर्ज किए गए। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर शनिवार को आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम कंजरपुर के जंगलों में दबिश दी। टीम ने अवैध शराब बनाने के कई डेरे पकड़े और उन्हें तबाह किया।

**4800 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया:** इस कार्रवाई में लगभग 4800 किलोग्राम महुआ लाहन, मदिरा बनाने की भट्टियां और 55 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई। इन पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त और नष्ट की गई सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 5 लाख 80 हजार रुपये है। जिले में लगातार चल रहे अभियान से प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध शराब बनाने और बेचने जैसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कटनी में 54 लाख का हॉकर्स जोन बना कचरा घर




**कटनी, एजेंसी।** कटनी में जिला खनिज प्रतिष्ठान योजना (DMF) के तहत आवंटित 54 लाख रुपए की राशि का दुरुपयोग हुआ है। नगर निगम की अदूरदर्शी योजना के कारण यह धनराशि बेकार चली गई। जिला अस्पताल के पास बनाया गया हॉकर्स जोन अब उपयोगी होने की बजाय कचरा घर में बदल गया है, जिससे योजना का मूल उद्देश्य विफल हो गया। शहर की सड़कों पर अवैध रूप से लगने वाली सब्जी और फल की दुकानों को व्यवस्थित कर यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने यह हॉकर्स जोन बनाया था। जिला खनिज प्रतिष्ठान योजना के तहत जिला अस्पताल के पास इस विशाल हॉकर्स जोन के निर्माण पर 54 लाख रुपए खर्च किए गए थे। इसका लक्ष्य व्यस्ततम क्षेत्रों और सड़कों से दुकानों को हटाकर उन्हें एक व्यवस्थित स्थान देना था।

**सड़कों पर सब्जी मंडी, हॉकर्स जोन अनुपयोगी:** हालांकि, निर्माण के बावजूद यह हॉकर्स जोन पूरी तरह से खाली पड़ा है। नगर निगम की उदासीनता के कारण 54 लाख रुपए खर्च होने के बाद भी यहां चार दुकानें भी स्थापित नहीं हो पाई हैं। परिणामस्वरूप, सड़कों पर अब भी सब्जी मंडी लगती है, और हॉकर्स जोन अनुपयोगी पड़ा है। स्थानीय दुकानदार और होटलों के मालिक इस खाली पड़े स्थान को अब कचरा फेंकने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। हॉकर्स जोन अब एक डंपिंग यार्ड जैसा दिख रहा है, जहां हर दिन आसपास का कचरा जमा होता जा रहा है।

**सड़कों पर कब्जा, निगम हुआ बेबस:** हॉकर्स जोन बनने के बाद भी नगर निगम उन सब्जी विक्रेताओं को यहां स्थानांतरित करने में पूरी तरह से विफल रहा, जिनके लिए यह बनाया गया था। इसके परिणामस्वरूप, शहर की अधिकांश प्रमुख सड़कें आज भी अघोषित सब्जी मंडी बनी हुई हैं। सड़कों पर पसरी दुकानों के कारण जहां एक ओर दिनभर यातायात जाम की समस्या बनी रहती है, वहीं दूसरी ओर राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। निगम के अधिकारी न तो अवैध कब्जों को हटा पा रहे हैं और न ही 54 लाख के व्यवस्थित बाजार का उपयोग सुनिश्चित कर पा रहे हैं।

# फैंस को टीम इंडिया से जीत की उम्मीद, मगर साउथ अफ्रीका को नहीं आंक रहे कमतर




**रांची, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। भारतीय फैंस को उम्मीद है कि टीम इंडिया इस मुकाबले को जीतेगी, हालांकि ये फैंस साउथ अफ्रीका को कमतर नहीं आंक रहे हैं। दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज के शुरुआती मैच से पहले अमृतसर से क्रिकेट फैन भरत शर्मा ने कहा, मैं इस मुकाबले में अपने दो पसंदीदा खिलाड़ियों, रोहित शर्मा और विराट कोहली को लंबे समय के बाद एक साथ खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हालांकि भारत हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-0 से हार गया था, लेकिन घरेलू मैदान पर मैं यह वनडे सीरीज को लेकर उत्सुक हूं। मैंने उनको देखकर ही खेलना शुरू किया है। मैं अर्शदीप सिंह को भी इस मुकाबले में खेलते देखना चाहता हूं। यकीनन यह एक रोमांचक मैच होगा। साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया के खिलाफ दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया है, लेकिन फैंस का मानना है कि टीम इंडिया वनडे फॉर्मेट में शानदार वापसी करेगी। भरत शर्मा ने कहा, साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज में भारत को भारत में शिकस्त दी। यह आसान नहीं था। साउथ अफ्रीकी के टेंबा बावुमा ने शानदार कप्तानी की, लेकिन वनडे फॉर्मेट में टीम इंडिया काफी मजबूत है।

एक अन्य फैन ने कहा, इस टीम में कुछ पुराने और कुछ नए खिलाड़ी हैं। किसी भी सीरीज में नए अध्याय शुरू होते हैं। भारतीय टीम इस सीरीज में साउथ अफ्रीका को कड़ी चुनौती देगी। भारत की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है, लेकिन जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया की बॉलिंग कमजोर नजर आती है। हम हिंदुस्तानी हैं। हम चाहते हैं कि टीम इंडिया ही इस मुकाबले को अपने नाम करे।

पटना के एक युवा क्रिकेट प्रेमी ने कहा, यकीनन भारत ही जीतेगा। हमें विराट कोहली और रोहित शर्मा से शानदार फॉर्म की उम्मीद है। इस मैच में वह शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। हमें उम्मीद है कि यह मैच टीम इंडिया जीतेगी।

छत्तीसगढ़ स्थित बलरामपुर के रहने वाले अमित जायसवाल ने कहा, रविवार को भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ केएल राहुल की कप्तानी में खेलेगी। मुझे लगता है कि भारत इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करेगा। इस टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों के होने से भारतीय टीम बहुत मजबूत दिख रही है।

## रोहित शर्मा के नाम जुड़ सकती है बड़ी उपलब्धि, सचिन, द्रविड़ और कोहली की सूची में होंगे शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज की शुरुआत रविवार से हो रही है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस सीरीज में अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 98 रन और बनाते ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 20,000 रन पूरे कर लेंगे। ऐसा करने वाले वह सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के बाद चौथे भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। रोहित शर्मा ने 67 टेस्ट में 4,301, 276 वनडे में 11,370 और 159 टी20 में 4,231 रन बनाए हैं। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उनके 19,902 रन हैं। भारत की तरफ से सचिन तेंदुलकर ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर कुल 664 मैचों में 34,357 रन बनाए हैं। सचिन सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी सर्वाधिक रन बनाने के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। विराट कोहली ने 553 मैचों में 27,673 रन बनाए हैं, वहीं 509 मैचों में राहुल द्रविड़ ने 24,208 रन बनाए हैं।

रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई 3 वनडे मैचों की सीरीज में शानदार फॉर्म में दिखे थे। रोहित ने 1 अर्धशतक और 1 शतक लगाते हुए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब जीता था और पहली बार वनडे में शीर्ष रैंक हासिल की थी। रोहित ने जिस तरह की बल्लेबाजी की थी, उस आधार पर निश्चित रूप से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान 20,000 अंतरराष्ट्रीय रन का आंकड़ा छू सकते हैं या उसे पार कर सकते हैं।

हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित का वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। रोहित ने 2007 से 2023 के बीच इस टीम के खिलाफ 26 मैचों की 25 पारियों में 3 शतक और 2 अर्धशतक लगाते हुए 806 रन बनाए हैं। रोहित का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 150 है। तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मैच रांची में, पहला वनडे 30 नवंबर को रांची में, दूसरा वनडे 3 दिसंबर को रायपुर में, और तीसरा वनडे 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

## ब्रिसबेन टेस्ट: इंग्लैंड को तगड़ा झटका, मार्क वुड हुए बाहर



**ब्रिसबेन, एजेंसी।** पर्थ में खेले गए एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में मिली करारी हार के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम ब्रिसबेन में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में जोरदार वापसी की कोशिश कर रही है। वापसी की कोशिश कर रही इंग्लैंड को तगड़ा झटका लगा है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्क वुड ब्रिसबेन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। 35 साल के मार्क वुड का इंजरी से गहरा नाता रहा है। वह जितने दिन क्रिकेट में सक्रिय नहीं रहते उससे ज्यादा इंजरी की वजह से बाहर रहते हैं। वह पर्थ में टेस्ट इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे। वह इंजरी की वजह से लगभग 15 महीने बाद टेस्ट टीम में लौटे थे, लेकिन महज 11 ओवर गेंदबाजी कर सके। वुड ब्रिसबेन टेस्ट से बाएं घुटने में परेशानी की वजह से बाहर हुए हैं। मार्क वुड ने शनिवार सुबह एलन बॉर्डर फील्ड में इंग्लैंड के ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा नहीं लिया था। वह इंग्लैंड टीम में चुने गए एकमात्र सदस्य थे जो अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं थे। अभ्यास सत्र में उनका शामिल न होना इस बात का संकेत है कि वह गाबा टेस्ट से बाहर रहेंगे।

वुड अपने करियर के आखिरी चरण में हैं। 35 साल या उसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तेज गेंदबाजों के लिए खेलना मुश्किल होता है। इंजरी के बाद रिकवरी करते हुए वापसी करना और भी मुश्किल होता है। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज की वापसी पर इंग्लैंड क्रिकेट टीम की निगाहें होंगी।

## टी 20 सीरीज: लिटन दास की कप्तानी पारी, बांग्लादेश ने आयरलैंड को 4 विकेट से हराया

**चटगांव, एजेंसी।** बांग्लादेश ने सीरीज के दूसरे टी20 मुकाबले में आयरलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। जीत के साथ बांग्लादेश ने सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। बीर श्रेष्ठो फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतिउर रहमान क्रिकेट स्टेडियम, चटगांव में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 171 रन की जरूरत थी जिसे टीम ने आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर हासिल कर लिया। 171 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी बांग्लादेश के लिए कप्तान लिटन दास ने अर्धशतक लगाया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे दास ने 37 गेंद पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 57 रन की धमाकेदार पारी खेली। लिटन दास ने दूसरे विकेट के लिए परवेज हुसैन इमोन के साथ 60 और तीसरे विकेट के लिए सैफ हसन के साथ 52 रन की साझेदारी की। इन दोनों साझेदारियों का टीम की जीत में अहम योगदान रहा था। 138 रन के स्कोर पर बांग्लादेश का तीसरा विकेट गिराने के बाद आयरलैंड ने वापसी की कोशिश की और अगले 19 रन के अंदर 3 विकेट गिराए, लेकिन मोहम्मद सैफुद्दीन ने 7 गेंद पर 17 और मेहदी हसन ने 3 गेंद पर 6 रन बनाकर टीम को 2 गेंद पहले जीत दिला दी। बांग्लादेश ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 174 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीता। परवेज हुसैन इमोन ने 28 गेंद पर 43 और सैफ हसन ने 22 रन बनाए।




आयरलैंड के लिए मार्क अडेयर और गारेथ डेल्ने ने 2-2 विकेट लिए। आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 270 रन बनाए थे। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 14 गेंद पर 2 छक्के और 3 चौकों की मदद से 29 रन और टिम टेक्टर ने 25 गेंद पर 2 छक्के और 4 चौकों की मदद से 38 रन बनाए। इन दोनों के अलावा विकेटकीपर लॉर्कन टुकर ने 32 गेंद पर 4 चौकों की मदद से 41 और जॉर्ज डॉर्कवेल ने 21 गेंद पर 18 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए महेदी हसन ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए। तंजीम हसन साकिब और मोहम्मद सैफुद्दीन ने 1-1 विकेट लिए।

# जूनियर हॉकी विश्व कप : भारत ने ओमान को 17-0 से हराया



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम ने जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप बी के मैच में ओमान को 17-0 के बड़े अंतर से हराया। भारत की तरफ से मनमीत सिंह (17, 26, 36), अर्शदीप सिंह (4, 33, 40) और दिलराज सिंह (29, 32, 58) ने गोल की हैट्रिक लगाई, जबकि अनमोल एक्का (29), अजीत यादव (34, 47), गुरजोत सिंह (39, 45), इंगालेम्बा थौनाओजम लुवांग (43, 50), और सरदा नंद तिवारी (55) ने भी गोल किए। इस जीत के साथ, भारत अंकतालिका में स्विट्जरलैंड से 24 गोल आगे शीर्ष पर है। शुरुआती क्वार्टर काफी अलग था। भारतीय टीम ने चौथे मिनट में किया था। इसके बावजूद ओमान का डिफेंस में अच्छा रहा था। ओमान भारत की अटैकिंग स्पीड को धीमा करने में कामयाब रहा और उसे अपनी बढ़त बढ़ाने का कोई खास मौका नहीं मिला। दो मिनट के क्वार्टर ब्रेक के बाद, भारत ने नए तरीके से वापसी की और दूसरे क्वार्टर के तीन मिनट के अंदर, मनमीत सिंह के जरिए दूसरा गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में तीन गोल हुए जिससे भारत के हाई-स्कोरिंग गेम की रफ्तार बनी। मनमीत ने 26वें मिनट में फिर से गोल किया, जबकि अनमोल और दिलराज ने 29वें मिनट में गोल दागा। पहले हाफ के आखिर तक भारत की बढ़त 5-0 थी। भारत तीसरे क्वार्टर में पूरी तरह से नियंत्रण में था और पीसीएस को गोल में बदलने की अपनी शुरुआती मुश्किलों को भी पार किया। तीसरे क्वार्टर में पांच मिनट के अंदर चार गोल हुए। मनमीत ने अपनी हैट्रिक पूरी की। दिलराज और अर्शदीप ने दो-दो गोल किए। तीसरे क्वार्टर में तीन और गोल हुए जिससे ओमान की कमर टूट गई और भारत की फॉरवर्ड लाइन के लगातार हमलों के आगे उनका डिफेंस कमजोर साबित हुआ। 12-0 की बढ़त के साथ चौथे क्वार्टर में उतरी भारतीय टीम की जीत तय थी। भारत ने चौथे क्वार्टर में भी पांच और गोल किए और 17-0 की यादगार जीत दर्ज की।

## आंद्रे रसेल ने IPL से लिया संन्यास, KKR के साथ नई भूमिका में आएंगे नजर

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे विस्फोटक ऑलराउंडर्स में से एक, आंद्रे रसेल ने आखिरकार IPL से संन्यास की घोषणा कर दी। 12 सीज़न तक अपनी धमाकेदार हिटिंग, तेजतर्रार गेंदबाजी और मैच–बदलू प्रदर्शन से लीग में अपनी पहचान बनाने वाले रसेल अब KKR के सपोर्ट स्टाफ में 'पावर कोच' की नई भूमिका निभाएंगे। 37 वर्षीय कैरेबियाई स्टार ने 2014 से कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कई यादगार जीत दिलाई और अब वे उसी फ्रेंचाइज़ी के साथ नए सफर की शुरुआत करने जा रहे हैं। यह फैसला उन्होंने मिनी ऑक्शन से ठीक पहले किया। रसेल ने अपने आधिकारिक –पोस्ट में भावुक संदेश साझा करते हुए बताया कि वे IPL से रिटायर हो रहे हैं, लेकिन दुनिया की अन्य T20 लीग में खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने मजाकिया अंदाज़ में लिखा कि वे स्वैग से रिटायर नहीं हो रहे। इसके साथ ही उन्होंने यह साफ कर दिया कि वे KKR परिवार का हिस्सा बने रहेंगे– बस अब खिलाड़ी नहीं, बल्कि कोच के रूप में। उनके अनुसार, यह मेरा घर है, और मैं 2026 से KKR के पावर कोच के रूप में वहीं रहूंगा। नया रोल, वही ऊर्जा। आंद्रे रसेल के इस फैसले से वे वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड की राह पर चलते दिखाई देते हैं। पोलार्ड मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच हैं, जबकि दुनिया की अन्य T20 लीग में सक्रिय भी हैं।



# हरमनप्रीत कौर-युवराज सिंह को सम्मान, इस क्रिकेट स्टेडियम में बनेगा उनके नाम का स्टैंड




**नई दिल्ली ।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम पर मोहाली में स्थित मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम रखने की घोषणा की है। उनके साथ युवराज सिंह के नाम पर भी यहां स्टैंड का उद्घाटन होगा। इसके अलावा, हरमनप्रीत कौर के साथ अमनजोर कौर को इनामी राशि भी दी जाएगी। पीसीए के कार्यवाहक सचिव सिद्धार्थ शर्मा ने आईएएनएस से कहा, इन खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप जीतने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। हमने उनके नाम पर एक स्टैंड की घोषणा की है। 11 दिसंबर को भारत-साउथ अफ्रीका मैच में इसका उद्घाटन होगा। उन्होंने कहा, यहां दो बार के वर्ल्ड कप चैंपियन युवराज सिंह के नाम से स्टैंड का भी उद्घाटन होगा। हरमनप्रीत कौर और अमनजोत कौर को इनामी राशि दी जाएगी। यह स्टैंड न्यू मुल्लापुर में नए अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। यह उनके लिए एक छोटी सी चीज है, उन्होंने पूरे देश को विश्व कप खिताब जिताया है। यह उनकी उपलब्धि के लिए हमारी तरफ से एक छोटी सी भेंट है।

सिद्धार्थ शर्मा मानते हैं कि इन महिला खिलाड़ियों को देखकर ही युवा लड़कियां भी इस खेल से जुड़ेंगी। उन्होंने कहा, विमेंस क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिगेज जैसी खिलाड़ियों को देखकर ही युवा आगे आएंगी। इससे उन्हें प्रेरणा मिलेगी। जब युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी, तभी महिला क्रिकेट आगे बढ़ेगा।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने नवी मुंबई में 2 नवंबर को खेले गए महिला विश्व कप 2025 के फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया था। यह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का पहला विश्व कप खिताब था।

इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। इसके जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 45.3 ओवरों में महज 246 रन पर सिमट गई।

दूसरी ओर, युवराज सिंह भारत को टी20 विश्व कप 2007 और वनडे विश्व कप 2011 का खिताब जिताने में अहम योगदान दे चुके हैं। भारत और साउथ अफ्रीका की पुरुष टीमों के बीच 11 दिसंबर को मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा।

# केआईयूजी 2025 : साइक्लिस्ट मीनाक्षी रोहिल्ला ने चार गोल्ड जीते

## गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी पदक तालिका में टॉप

**जयपुर, एजेंसी।** गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (ह्नह्रष्ठ) की साइकिल चालक मीनाक्षी रोहिल्ला ने शनिवार को यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में साइक्लिंग कॉम्पिटिशन के आखिरी दिन महिलाओं की स्क्रैच जीतकर और अपने फेवरिट इवेंट में निराशाजनक तौर पर कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी की खोइरोम रेजिया देवी से पीछे रहकर चार गोल्ड और एक सिल्वर के साथ अपना अभियान खत्म किया। केआईयूजी 2025 का पांचवां एडिशन राजस्थान के सात शहरों में हो रहा है। 222 यूनिवर्सिटी के 4448 एथलीट 23 मेडल वाले खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। ये गेम्स स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अंडर राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ मिलकर हो रहे हैं और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी इन्हें होस्ट कर रही है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने ट्रैक साइकिलिंग में दो और गोल्ड मेडल और स्कीट शूटिंग में तीन गोल्ड मेडल जीते और कुल 27 गोल्ड, नौ सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ मेडल टेबल में टॉप पर पहुंच गई। रातों-रात टॉप पर रहने वाली जैन यूनिवर्सिटी ने भी 27 गोल्ड और नौ सिल्वर जीते हैं, लेकिन टॉप पर रहने वाली यूनिवर्सिटी से एक ब्रॉन्ज़ मेडल कम है। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी 22 गोल्ड मेडल के साथ तीसरे नंबर पर है।

नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट्स (ह्स्ह्द्धद्ध) पटियाला में ट्रेनिंग करने वाली मीनाक्षी ने दोनों रोड इवेंट -टाइम ट्रायल और 80 किलोमीटर रेस जीती थीं। इससे पहले उन्होंने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी को ट्रैक इवेंट के पहले दिन टीम परस्यूट टाइटल जिताने में मदद की थी। शनिवार को, 23 साल की इस खिलाड़ी ने स्क्रैच रेस में अपना सबसे अच्छा टैक्टिकल प्रदर्शन किया, क्योंकि उसने सेकंड लास्ट लैप तक खुद को पीछे रखा और अपने से आगे चल रहे दो साइक्लिस्ट को हैरान करते हुए इनर लाइन से बढ़त और गोल्ड मेडल छीन लिया।

बाद में, मीनाक्षी (4ऱ्14.150ह्य) ने 3 किलोमीटर इंडिविजुअल परस्यूट में रेजिया देवी (4ऱ्12.798ह्य) से बेहतर होने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसके थके हुए पैर उसकी अपोनेंट की पेस का मुकाबला नहीं कर सके और उसे सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। मीनाक्षी ने रेस के बाद साई मीडिया को बताया, मैं थोड़ी निराश हूं कि मैं पांचवां गोल्ड नहीं जीत सकी क्योंकि यह वह इवेंट है जिसमें मेरे नाम नेशनल रिकॉर्ड है। मैंने आखिरी कुछ लैप्स में उसके बराबर पहुंचने की कोशिश की, लेकिन मैं पिछले पांच दिनों से रेस कर रही थी, जब वह काफी फ्रेश थी और इसी से फर्क पड़ा। हालांकि, मीनाक्षी अपनी पिछली रेस में गोल्ड नहीं जीत पाई, लेकिन उनकी टीम के साथी निया सेबेस्टियन और रितेश कौशिक ने महिलाओं और पुरुषों की 200 मीटर स्प्रिंट में गोल्ड मेडल जीते, जिससे जीएनडीयू 26 गोल्ड मेडल के साथ मेडल टैली में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

जगतपुरा शूटिंग रेंज में, जीएनडीए के स्कीट शूटर ऋ्रुराज सिंह बुंदेला और शिवानी रायकवार ने फाइनल में रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के ज्योतिरादित्य सिसोदिया और वंशिका तिवारी को 44-40 से हराकर मिक्स्ड टीम गोल्ड जीता। ऋ्रुराज ने इंडिविजुअल स्कीट में भी गोल्ड जीता और जीएनडीयू को पुरुषों की टीम में भी गोल्ड जीतने में मदद की। पंजाब यूनिवर्सिटी की सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने महिलाओं की 25मीटर पिस्टल इवेंट में 38 के फाइनल स्कोर के साथ गोल्ड जीता। दिल्ली यूनिवर्सिटी की परिषा गुप्ता (32) और तेजस्विनी (30) ने क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज़ मेडल जीते।




शनिवार को बीकानेर में खत्म हुए कुश्ती कॉम्पिटिशन में, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने आखिरी दिन कोई मेडल नहीं जीतने के बावजूद चार गोल्ड और तीन सिल्वर मेडल के साथ टॉप किया। शनिवार को, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की शिवानी यादव ने महिलाओं की +86 किग्रा कैटेगरी में कुल 188 किग्रा उठाकर गोल्ड मेडल जीता, जबकि महर्षि गंगा सिंह यूनिवर्सिटी के केसव बिस्सा ने पुरुषों की +110 किग्रा कैटेगरी में कुल 352 किग्रा उठाकर गोल्ड मेडल जीता। रग्बी कॉम्पिटिशन में, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी ने पुरुषों और महिलाओं दोनों के इवेंट जीतकर ग्रैंड डबल पूरा किया।

महिलाओं के फाइनल में, केआईआईटी ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को 17-5 से हराकर टाइटल्स की हैट्रिक पूरी की। चढ्ढद्ब की पुरुष टीम ने एक्स्ट्रा टाइम में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को 15-10 से हराकर अपना पहला केआईयूजी गोल्ड जीता। इस बीच, राजस्थान के स्पोर्ट्स मिनिस्टर और ओलंपियन राज्यवर्धन राठौर ने यहां सवाई मान सिंह स्टेडियम में एफआईटी इंडिया ज़ोन में शिरकत की और रस्सी कूद, हूला हूप, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग और फिटनेस टेस्ट जैसी अलग-अलग फिटनेस एक्टिविटीज़ में हिस्सा लेने वाले लोगों का हौसला बढ़ाया। राठौर 30 नवंबर को सुबह अमर जवान ज्योति से शुरू होने वाले 51वें स्नढ्ढञ्ज इंडिया संडे ऑन साइकिल में हिस्सा लेंगे।

केआईयूजी 2025 के पहले दिन से जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में बनाया गया फिट इंडिया ज़ोन, सभी विज़िटर्स के लिए एक डायनामिक, इमर्सिव और इंटरैक्टिव एक्सपीरियंस बनाने के लिए ज़रूरी फिटनेस एलिमेंट्स को एक साथ लाता है। इस ज़ोन में तीन खास एलिमेंट्स हैं, जिसमें रोमांचक इनामों वाला एक हाई-एनर्जी फिटनेस चैलेंज ज़ोन, एक डेडिकेटेड साइकिलिंग ज़ोन, और अभिनव बिंद्रा टारगेट परफॉर्मेंस द्वारा आसान फिजिकल और मेंटल फिटनेस असेसमेंट शामिल हैं।इस ज़ोन में रोज़ाना सैकड़ों एथलीट और नागरिक जोश के साथ हिस्सा ले रहे हैं। पूरे दिन, एथलीट और डेलीगेट्स को स्टेडियम के चारों ओर साइकिल चलाते हुए देखा जा सकता है, जिससे केआईयूजी के माहौल में रौनक और हलचल आ जाती है।



## लंदन शतरंज क्लासिक : प्रज्ञानंदा नें लगातार तीसरी जीत हमवतन प्रणव से अगला मुकाबला

**लंदन, एजेंसी।** भारत के नंबर दो शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानन्दा नें लंदन चैस क्लासिक ओपन में अपनी शीर्ष वरीयता को बनाये रखते हुए लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए सयुंक्त बढ़त बना ली है , प्रज्ञानन्दा के साथ भारत के प्रणव आनंद भी लगातार तीन जीत के साथ सयुंक्त बढ़त पर है और अब चौंथे राउंड में प्रज्ञानन्दा सफेद मोहरो से प्रणव का सामना करेंगे ।

प्रज्ञानन्दा नें तीसरे राउंड में काले मोहरो से यूएसए के इंटरनेशनल मास्टर निको चसीन के ख़िलाफ़ निम्जो इंडियन ओपनिंग में एक आक्रमक मुकाबला खेला , हालांकि खेल एंडगेम तक गया और वजीर के एंडगेम में 52 चालों में दो अतिरिक्त प्यादे के साथ जीत दर्ज की । वहीं प्रणव नें तीसरे राउंड में फ्रांस के इंटरनेशनल मास्टर लोइक ट्रैवोडॉन को 102 चालों तक चले मुक़ाबले में ऊँट और घोड़े की दुर्लभ मात से पराजित किया ।

प्रज्ञानन्दा जो गोवा में संपन्न हुए विश्व कप के चौंथे दौर से बाहर हो गए थे फ़ीडे कैंडिडेट में पहुँचने के लिए फ़ीडे सर्किट के अपने पहले स्थान को क़ायम रखने के लिए इस स्पर्धा को जीतने के इरादे से उतरे है ।

# प्रदेश में उत्तम शिक्षा एवं कौशल विकास के केन्द्र बन रहे हैं सांदीपनि विद्यालय : मुख्यमंत्री

## गुणवत्ता शिक्षा में सांदीपनि विद्यालय को मिल रही है अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों ने अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने के साथ ही उनके कौशल विकास और उन्हें रोजगार से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में सांदीपनि विद्यालय की शुरूआत वर्ष 2022-23 शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ हुई। इस सत्र में प्रथम चरण में प्रदेश में 274 सांदीपनि विद्यालय शुरू किये गये। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 3 लाख से ऊपर हो गयी है। विद्यालय में केजी-वन से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत तक रहा है।

**उत्कृष्ट अधोसंरचना:** स्कूल शिक्षा विभाग ने सांदीपनि विद्यालयों में अधोसंरचना के विस्तार को प्राथमिकता दी है। राज्य में 256 सांदीपनि विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। विद्यालयों के भवन निर्माण एवं संसाधनों की सुविधा के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 10 हजार करोड़ रूपये की कार्ययोजना तैयार की है। अब तक 44 सांदीपनि विद्यालयों के नवीन भवन बनकर तैयार हो गये हैं। इन नवीन भवनों में सांदीपनि विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। अगले शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में 256 विद्यालयों का भवन निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। सांदीपनि विद्यालयों में निकटस्थ 10 से 15 किलोमीटर दूरी के विद्यार्थियों को लाने के लिये नि:शुल्क परिवहन सेवा भी प्रदान की जा रही है।

**पूर्णतः सुसज्जित प्रयोगशालाएं:** प्रदेश में संचालित सभी सांदीपनि विद्यालयों में पूर्णतः सुसज्जित प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर लेब, आर्ट एण्ड क्राफ्ट रूम, म्यूजिक रूम, आधुनिक लाइब्रेरी और खेल मैदान के साथ ऑडिटोरियम की सुविधा भी दी गई है।

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार:** सांदीपनि विद्यालयों ने अपने कुशल संचालन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किये हैं। वर्ष 2024 में सांदीपनि बिनोवा विद्यालय रतलाम ने नवाचार श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय संस्था टी-4 एजुकेशन का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय को पुरस्कार स्वरूप 10 हजार डॉलर राशि प्रदान की गई। इसी तरह सांदीपनि विद्यालय झाबुआ को सर्पोटिंग हेल्थी लाइफ श्रेणी में विश्व के प्रथम 10 विद्यालयों में चयनित किया जा चुका है। वर्ष 2025 में सांदीपनि विद्यालय मालव कन्या को फिक्की द्वारा एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया।

## गीता जयन्ती महोत्सव का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर,सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग और विश्व गीता प्रतिष्ठान, भगवान श्री परशुराम विकास बोर्ड तथा वीर भारत न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 01 दिसम्बर 2025 को गीता जयन्ती महोत्सव सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्रात: 11 बजे सम्पन्न हो रहा है। यह समारोह प्रत्येक सम्भाग प्रत्येक जिला तथा प्रत्येक तहसील में आयोजित होगा। इस प्रकार सम्पूर्ण प्रदेश के तीन लाख से अधिक छात्र-छात्रायें गीता के पन्द्रहवें अध्याय का वाचन करेंगे, विद्वान वक्ता का उद्बोधन होगा। जिला एवं संभाग स्तर प्रदर्शिनी का आयोजन होगा। समापन विविध कार्यक्रमो के बाद तीन दिसम्बर को होगा।

मैहर जिले का मुख्य कार्यक्रम गीता जयंती महोत्सव बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रात: 11 बजे मनाया जाएगा। जहां पर नगर की 08 शिक्षण संस्थाओं के 1100 छात्र-छात्रायें एक साथ गीता के 15वें अध्याय का वाचन करेंगे। सुप्रसिद्ध कथा वाचक सम्पूज्य पारासर महराज का गीता पर उद्बोधन, महराज श्री सीता वल्लभ शरण का आशीर्वचन, अतिथि उद्बोधन तथा गीता की दिव्य प्रदर्शिनी का अवलोकन होगा। विश्व गीता प्रतिष्ठान, भगवान परशुराम विकास बोर्ड और जिला प्रशासन मैहर द्वारा सभी नगर वासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है कि जीवनो पयोगी यह कार्यक्रम विविध गतिविधियों के बाद विगत दस दिन से चल रहा है जिसका समापन तीन दिसम्बर को होगा।

## शराब पीकर शिक्षक बोला, बीआरसी को जूते से मारूंगा; तीन दिन पहले ही जेडी ने किया था बहाल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मझगवां ब्लॉक के पछीत माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक पुष्पेन्द्र सिंह एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। 2 महीने के निलंबन के बाद 26 नवंबर 2025 को बहाल हुए पुष्पेन्द्र का एक वीडियो 29 नवंबर 2025 की शाम वायरल हुआ। वीडियो में वह शराब पीकर स्कूल पहुंचे और स्टाफ के सामने डींगे हांकते हुए कहते दिखे कि 'इस बार बीआरसी को जूते मारूंगा।'

**दो बार निलंबित हो चुका शिक्षक:** पुष्पेन्द्र सिंह पर पिछली बार भी इसी तरह का आरोप था। शराब पीकर स्कूल पहुंचने पर बीआरसी ने जांच प्रतिवेदन तैयार किया था, जिसके आधार पर जेडी रीवा ने उन्हें निलंबित किया था।

पहली बार उनका निलंबन 4 सितंबर 2025 को निर्वाचन कार्य के दौरान शराब पीकर अभद्रता करने के कारण हुआ था। इसके बाद वे माध्यमिक शाला बरहठा और फिर माध्यमिक शाला तुर्रा में भी इसी तरह की हरकतों के कारण निलंबित किए जा चुके हैं। अब पछीत विद्यालय में उन्होंने वही व्यवहार दोहराया है।

**वीडियो में जूता मारने की बात कही:** वीडियो में देखा गया कि पुष्पेन्द्र सिंह कुर्सी पर बैठकर अपनी बहाली की कहानी स्टाफ को सुना रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि वह शराब नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि अगर बीआरसी कुछ करेगा तो इस बार जूता भी मारेंगे। इस पूरे मामले की जांच गौहानी संकुल के प्राचार्य उपेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। शिक्षा विभाग के अनुसार, पुष्पेन्द्र सिंह के इस व्यवहार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## मंडप में पहुंच गई प्रेमिका, टूटी शादी दूल्हे पर रिश्ते छिपाने के आरोप; वधू पक्ष ने हर्जाना मांगा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मझगवां कस्बे में एक विवाह समारोह में शनिवार देर रात हंगामा हो गया। दरअसल, मझगवां के मार्कण्डेय पैलेस में गायत्री साहू (18), निवासी सिरमौर, जिला रीवा, की शादी रमेश साहू, निवासी मझगवां, से होने वाली थी। रस्में चल रही थीं तभी एक युवती विवाह स्थल पर पहुंची और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

रोहनियां निवासी क्रांति नामक युवती ने मंडप में दूल्हे रमेश साहू पर अपना हक जताया। उसने खुद को रमेश की प्रेमिका बताते हुए तस्वीरें और अन्य कथित सबूत पेश किए। युवती ने विवाह रुकवाने की मांग की, जिससे दोनों पक्षों के परिजन हैरान रह गए और विवाद बढ़ गया।

**वधू पक्ष ने विवाह से इनकार किया:** सूचना मिलने पर मझगवां पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों ने दूल्हे, युवती और दोनों परिवारों को समझाकर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि, इस हंगामे के कारण शादी का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया। इस हंगामे से आहत वधू पक्ष ने विवाह को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया।

उन्होंने दूल्हे पक्ष पर रिश्ते की वास्तविक स्थिति छिपाने का आरोप लगाया, जिससे उनकी प्रतिष्ठा और आर्थिक नुकसान हुआ। लड़की पक्ष मझगवां थाने पहुंचा और शादी में हुए खर्च का पूरा हर्जाना मांगा। इसके बाद दुल्हन सहित वधू पक्ष वापस लौट गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय स्तर पर यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

## बांधवगढ़ कॉलोनी में चोरी, शादी में गए परिवार के घर से सोना-चांदी पार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** बांधवगढ़ कॉलोनी में बुधवार रात एक बड़ा चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, कॉलोनी निवासी सुमित कुमार बालमीक शाम करीब 5:30 बजे अपने दोस्त की शादी में शामिल होने घर से निकले थे। रात लगभग 9:31 बजे पड़ोस में रहने वाली दीदी ने फोन कर बताया कि उनके घर के अंदर किसी अज्ञात व्यक्ति की गतिविधि दिखाई दे रही है। सूचना मिलते ही सुमित ने डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी और एसपी से भी संपर्क किया।

पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घर की जांच की। निरीक्षण में पाया गया कि अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था और उसमें रखे आभूषण व चांदी के भारी सामान चोरी हो चुके थे। चोरी गए सामान में 4 सोने की चूड़ियां, 1 सोने का हार, 1 सोने की नथ, बेंदी, सोने का बाजूबंद, 1 सोने की अंगूठी तथा 1-1 किलो वजन के दो चांदी के बर्तन शामिल हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## पुलिस रिमांड से फरार आरोपी पर इनाम, एसपी बोले-सूचना देने वाले को 5 हजार दिया जाएगा; युवक की तलाश जारी

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** पुलिस हिरासत से शुक्रवार को तीन आरोपी फरार हो गए। इनमें से दो को पकड़ लिया गया था, वहीं एक आरोपी करण उर्फ टीच पारधी अभी भी फरार है। मैहर पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को फरार आरोपी की जानकारी देने वाले को 5000 रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।




घटना तब हुई जब मैहर थाना के प्रकरण क्रमांक 512/25, धारा 309(6) बीएनएस में गिरफ्तार इन तीनों आरोपियों को जिला जेल कटनी से प्रोडक्शन वारंट पर मैहर लाया गया था। संबंधित कार्यवाही पूरी होने के बाद पुलिस टीम उसे शासकीय वाहन क्रमांक एमपी036044 से वापस कटनी जेल ले जा रही थी। रास्ते में ग्राम बेरमा एनएच-30) के पास तीनों आरोपियों ने पुलिस कर्मचारियों को धक्का देकर वाहन से छलांग लगा दी और भाग निकले। पुलिस टीम ने पीछा किया।

इस दौरान पुलिस ने रूआ पारधी और इतवार सिंह बहेलिया उर्फ चूहा को पकड़ने में सफलता हासिल की। हालांकि, तीसरा आरोपी करण उर्फ टीच पारधी, जो हरदुआ मैदान टेकरी, थाना कुठला, जिला कटनी का निवासी है, अभी भी फरार है।

**आरोपी की सूचना देने वाले को 5 हजार का इनाम:** इस घटना के संबंध में थाना मैहर में अपराध क्रमांक 1104/25, धारा 262 बीएनएस के तहत एक नया मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

मैहर पुलिस अधीक्षक ने करण उर्फ टीच पारधी की जानकारी देने वाले व्यक्ति को 5000 रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि फरार आरोपी के संबंध में कोई भी सूचना मिलने पर वे तुरंत थाना कोतवाली या पुलिस कंट्रोल रूम मैहर के मोबाइल नंबर 7587600093 पर संपर्क करें।

## रिलायंस रिटेल, पतंजलि स्टोर से खाद्य नमूने जब्त घी दाल; मिलेट्स शहद सहित कई उत्पादों की जांच



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को रिलायंस रिटेल स्टोर और पतंजलि स्टोर पर दबिश दी। इस दौरान अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों की जांच की और घी, तुअर दाल, मिलेट्स, शहद सहित कई उत्पादों के नमूने लिए।

निरीक्षण के दौरान रिलायंस रिटेल स्टोर में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट का उल्लंघन पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अभिषेक बिहारी गौड़, शीतल सिंह और अशोक कुर्मी ने पाया कि गैर-खाद्य श्रेणी का पूजा का घी, खाने योग्य घी के साथ रखा गया था, जिससे ग्राहकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती थी। इसके अतिरिक्त, खाद्य सामग्री का भंडारण शौचालय के पास किया गया था, जिसे स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर माना जाता है। स्टोर संचालक एफएसएसएआई के निर्धारित आवश्यक दस्तावेज और रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नहीं कर पाए।

**लैब टेस्ट के लिए भेजे प्रोडक्ट:** यह भी उल्लेखनीय है कि सितंबर 2024 में भी रिलायंस रिटेल में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जांच की थी। उस समय लिए गए कुछ खाद्य सामग्रियों के नमूने लैब टेस्ट में अमानक पाए गए थे। इस संबंध में स्थानीय एडीएम कोर्ट में एक मामला पहले से ही चल रहा है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पतंजलि चिकित्सालय (स्टोर) में भी कार्रवाई की। हाल ही में विभिन्न स्थानों पर पतंजलि गाय के घी के अमानक पाए जाने की खबरों के मद्देनजर यह जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों ने यहां पतंजलि गाय का घी, पतंजलि शहद और अन्य खाद्य उत्पादों के नमूने एकत्र किए। जब्त किए गए सभी नमूनों को आगे की जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

## सुंदरा-सिंहपुर-कोठी मार्ग की बदहाली पर भड़कीं पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, कहा-मरम्मत न हुई तो अनिश्चितकालीन धरना



**मीडिया ऑडीटर, रैगांव (निप्र)।** सुंदरा से सिंहपुर कोठी मार्ग की जर्जर हालत को लेकर पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने प्रदेश सरकार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यह पहचानना मुश्किल है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से लोग घायल हो रहे हैं, वाहन टूट रहे हैं और क्षेत्र की जनता आर्थिक व शारीरिक संकट झेलने को मजबूर है। वर्मा ने आरोप लगाया कि जिस क्षेत्र की वर्तमान विधायक स्वयं सरकार में राज्यमंत्री हैं, उसी क्षेत्र की प्रमुख सड़क का यह हाल सरकार के विकास दावों की सच्चाई उजागर करता है। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत के नाम पर करोड़ों खर्च होने के बावजूद हालात जस के तस हैं, और भ्रष्टाचार के कारण सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। पूर्व विधायक ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मार्ग की मरम्मत शुरू नहीं की गई, तो वह कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतरकर अनिश्चितकालीन धरना देंगी। वर्मा ने कलेक्टर से भी तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि जनता अब दिखावटी वादों से नहीं, बल्कि वास्तविक विकास से राहत चाहती है।

## रिलायंस रिटेल, पतंजलि स्टोर से खाद्य नमूने जब्त, शहद सहित कई उत्पादों की जांच

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को रिलायंस रिटेल स्टोर और पतंजलि स्टोर पर दबिश दी। इस दौरान अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों की जांच की और घी, तुअर दाल, मिलेट्स, शहद सहित कई उत्पादों के नमूने लिए।

## एमपी ट्रांसको में टेस्टिंग इंजीनियरों को दिया जा रहा है उन्नत प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और ट्रांसमिशन नेटवर्क की विश्वसनीयता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा रिले टेस्टिंग सिम्युलेटर पैनल पर आधारित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में प्रदेश भर के एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों से आए टेस्टिंग इंजीनियरों ने सहभागिता की। एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि परीक्षण संभाग, टीकमगढ़ में इन हाउस विकसित अत्याधुनिक ट्रेनिंग सेंटर में टेस्टिंग इंजीनियरों को एडवांस तकनीकी प्रोटेक्शन सिस्टम का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से जहां इंजीनियरों की दक्षता में वृद्धि होगी, वहीं उपभोक्ताओं को अधिक सुरक्षित, स्थिर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस केंद्र में अब तक तीन बैचों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है। राज्य स्तरीय कार्यशाला का संचालन कार्यपालन अभियंता आर.पी. कान्यकुब्ज के निर्देशन में सहायक यंत्री जी.पी. राय द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रांसफार्मर डिफ्रेंशियल प्रोटेक्शन रिले और लाइन डिस्टेंस प्रोटेक्शन रिले की वायरिंग, कॉन्फ़िगरेशन, सेटिंग तथा टेस्टिंग के विभिन्न जटिल पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इंजीनियरों की तकनीकी दक्षता में सुधार से ट्रांसमिशन नेटवर्क में किसी बड़ी गड़बड़ी की स्थिति में नेटवर्क की सुरक्षा और स्थिरता बनाये रखने मे सहायता मिलती है। आधुनिक प्रोटेक्शन रिले की सटीक सेटिंग से ओवर लोडिंग, ब्रेकडाउन और ग्रिड फेल्यूर जैसी स्थितियों को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्नत टेस्टिंग तकनीक का उपयोग ट्रांसमिशन उपकरणों की आयु बढ़ाने, रखरखाव लागत घटाने और पूरे नेटवर्क को अधिक कुशल बनाने में सहायक होगा। एमपी ट्रांसको की यह पहल न केवल तकनीकी उन्नयन की दिशा में सार्थक कदम है, बल्कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए भरोसे मंद और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## गर्भवती को डोली में बैठाकर एंबुलेंस तक लाए ग्रामीण; चित्रकूट में 2 किमी पैदल चले



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** चित्रकूट में सड़क नहीं होने के कारण एक गर्भवती महिला को परिजनों ने डोली में बैठाकर दो किलोमीटर पैदल चलकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया। यह घटना शनिवार को गुप्त गोदावरी के पीछे स्थित थरपहाड़ गांव में हुई, जहां खराब रास्ते की वजह से एम्बुलेंस गांव के अंदर तक नहीं जा सकी। थरपहाड़ निवासी जानकी सिंह गोड़, पत्नी यज्ञ प्रसाद सिंह को प्रसव पीड़ा हुई तो परिवार ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया। एम्बुलेंस तो पहुंच गई, लेकिन पहाड़ी और पथरीले मार्ग के कारण गांव तक जाना संभव नहीं था। ऐसे में परिजनों ने महिला को डोली पर बैठाया और पैदल चलकर एम्बुलेंस तक ले गए। गर्भवती महिला को मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

**सड़क बनाने का काम 10 साल पहले शुरु हुआ था:** स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में सड़क बनाने का काम करीब 10 साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ। सड़क की कमी के कारण गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को अस्पताल तक ले जाना बहुत कठिन हो जाता है। यह इलाका कभी दस्यु प्रभावित रहा है और अभी भी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। यह क्षेत्र नगर परिषद चित्रकूट के वार्ड क्रमांक-15 में आता है। यहां मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। सिर्फ एक ऊबड़-खाबड़ और पथरीला रास्ता है, जिस पर चलना भी मुश्किल होता है, खासकर बरसात में स्थिति और खराब हो जाती है।

**वन विभाग की जमीन बीच में आने से नहीं बन पा रही सड़क:** इस मामले में नायब तहसीलदार चित्रकूट कमलेश सिंह ने बताया कि थरपहाड़ की सड़क वन विभाग की जमीन से होकर गुजरती है, इसलिए पक्की सड़क नहीं बन पाई। फिलहाल नगर पंचायत कच्चे रास्ते को चलने योग्य बनाए रखती है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।